11,576	4,933	42.60	--	--	--

➢ नियोजन

- 3350 पं.रा.सं. पदाधिकारियों के लक्ष्य के समक्ष केवल 2239 (66.84 प्रतिशत) को प्रशिक्षण दिया गया था। सतर्कता एवं हितधारकों की मॉनीटरिंग के प्रशिक्षण का लक्ष्य 1777 था जिसके प्रति उपलब्धि 419(23.58 प्रतिशत) थी।

➢ रोजगार सृजन एवं मजदूरी

- औसत वाषिक रोजगार सृजन 15 से 18 श्रम दिवस थे तथा 100 दिनों का रोजगार प्रदान किये गये परिवारों का प्रतिशत 0.04 से 18.18 था।

➢ निर्माण तथा संपत्ति सृजन

- ₹ 6.21 लाख की लागत वाले दो निर्माणों को जिल्हें पहले ही पूरा कर लिया गया था, फिर से ₹ 21.79 लाख के लिए संचालित किया गया और 7.49 लाख की लागत पर किये गये आठ सड़क निर्माण, संदिग्ध स्थायित्व वाले थे।
- 55 गैर-अनुमेय निर्माणों पर ₹ 2.96 करोड़ का व्यय किया गया था।
- ₹ 2.18 करोड़ राशि के 14 निर्माण किसी प्रशासनिक अनुमोदन अथवा तकनीकी संस्वीकृति के बगैर किये गये थे।

➢ मॉनीटरिंग एंव मूल्यांकन

- मनरेगस के तहत भौ.सू.प्र. एवं भौ.सू.प.सं.प्रौ. उपकरणों को भौ.सू.प्र. को विकेन्द्रित नियोजन, श्रम बजट बनाने, कार्यक्रम क्रियान्वयन संपत्ति मॉनीटरिंग, तथा मूल्यांकन के साथ संबद्ध करने हेतु राज्य द्वारा प्रयुक्त नहीं हुए थे।

- निर्माणों के रिपोर्टों का प्रत्यक्ष सत्यापन (जिला स्तर पर 10 प्रतिशत एवं राजय स्तर पर दो प्रतिशत) राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध /शुरू नहीं किये गये थे।

- मंत्रालय ने राज्य के गुणवत्ता मॉनीटरों हेतु प्रयोग के लिए संदर्भ के विस्तृत इंगित शर्तों को बनाया था, परन्तु राज्य सरकार ने राज्य गुणवत्ता मॉनीटरों तथा जिला गुवणत्ता मॉनरीटरों को जिला स्तर पर नियुक्त नहीं किया था।

असम

➢ पृष्ठभूमि

राज्य में 27 जिले हैं। मनरेगस के तहत प्रथम चरण, अर्थात 2 फरवरी 2006 से सात जिले, 6 जिले 1 अप्रैल 2007 के आगे से और शेष 14 जिले 1 अप्रैल 2008 से शामिल किये गये थे। 2007-12 की अवधि के लिए, मनरेगस के तहत ₹ 3295.50 करोड़ राज्य को जारी किया गया था। नीचे की तालिका राज्य में 2007-12 के दौरान प्रमुख कार्यान्वयन मानदण्डों में से कुछ को दर्शाया गया है:

जनसंख्या	ग्रामीण जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार)	ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता	संचयी व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत परिवारों की संख्या	सृजित संचयी श्रमदिवस (लाख में)
3,11,69,272	2,67,80,516	85.92	4,060.40	39,20,558	1895.55

शुरू किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की प्रतिशतता	शेष सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	संचालित सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	पूर्ण किए गए सामाजिक लेखापरीक्षा की प्रतिशतता
1,15,691	65,945	57.00	15,870 (2007-08 व 2008-09 उपलब्ध नहीं कराया गया)	14,391 (2007-08 उपलब्ध नहीं कराया गया)	-

➢ नियोजन

- जागरूकता उत्पन्न करने के लिए सूचना, शिक्षा तथा संचार गतिविधियां पर्याप्त नहीं थीं और लाभार्थी अपनी हकदारियों से काफी हद तक अनजान थे।
- पूर्णकालिक कार्यक्रम अधिकारियों की नियुक्ति में कमियां देखी गयी थी और ग्राम रोजगार सहायक/साथियों आदि के विलंगित /गैर-परिनियोजन के मामले भी पाये गये थे। अयोग्य कार्मिकों की मान्यता प्राप्त अभियंताओं को परिनियोजन और बाद में उनकी छटनी ₹ 45.42 लाख के निष्फल व्यय में परिणित हुआ।
- समुचित तकनकी सहायता के माध्यम से योजना की गणवत्ता एवं लागत प्रभावकारिता के उन्नयन का उद्देश्य काफी हद तक प्राप्त होने से रह गया यद्यपि राज्य सरकार द्वारा ₹ 32.70 लाख खर्च किया गया था।

- वार्षिक योजना एवं जिला परिप्रेक्ष्य योजना (जि.प.यो.) तैयार करने में भी त्रुटियां थीं। जिलों द्वारा ₹ 59.32 लाख की राशि जि.प.यो. बनाने के लिए खर्च की गयी थी। परन्तु यह रा.रो.गा.प. द्वारा अनुमोदित नहीं किये गये थे।

➢ रोजगार सृजन व मजदूरी

- 88.15 लाख परिवारों में से, जिन्होंने 2007 से 2012 के दौरान रोजगार की मांग की थी, केवल 3.54 लाख परिवारों को 100 दिनों का रोजगार दिया गया था।
- जॉब कार्ड जारी करने में अनियमितताएं थीं, यथाः अज्ञात व्यक्तियों को जॉब कार्ड प्रदान करना, पं.रा.सं. सदस्य तथा ग्राम रोजगार सहायक, जॉब कार्ड धारियों का बैंक/डाक घर खाते न खुलना तथा पंजीकरण सूची का अधितत न होना।
- चार जिलों में, जॉब कार्ड-धारियों के परिवारों की पारिवारिक तस्वीरें न तो जॉब कार्ड पर और न ही कार्य पंजी पर चिपकाई गयी थी। अन्य 15 ग्रा.पं. में 536 मामलों में जॉब कार्डों पर परिवार के मुखिया की तस्वीर भी नहीं लगायी गयी थी।
- आठ जिलों में, बेरोजगारी भत्ते की योग्यता तथा परिणाम, आवेदनों के विवरणों एवं अन्य अभिलेखों के अभाव में सत्यापनीय नहीं थी। दो जिलों में 37229 जॉब कार्ड-धारियों को बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया जा रहा था। दो जिलों में मजदूरी के विलंबित भुगतान के 6263 मामले भी थे जिसके लिए ₹ 93.95 लाख के बकाया मुआवजे का भुगतान नहीं किया गया था।

➢ निर्माण एवं संपत्ति सृजन

- नौ प्रखडों में, योजना एवं नरेगा निर्माण स्थल नियमावली से परे ₹ 2.15 करोड़ को निर्माण किये गये थे।
- लागत के अनुसार न्यूनतम 50 प्रतिशत निर्माणों के ग्राम पंचायतों के माध्यम से निष्पादन के मानदंड को दो जिलों में पूरा नहीं किया गया जो अन्य कार्यान्वयन अभिकरणों को ₹ 1.82 करोड़ के अतिरिक्त अनुमोदन में परिणत हुआ।
- सामग्री की अधिप्राप्ति से संबंधित सा.वि.नि. की व्यवस्था का 25 ग्रा.पं. में पालन नीहं किया गया था और स्. 6.65 करोड़ की राशि की अधिप्राप्ति बिना किसी स्थल लेखा के अनुरक्षण के की गयी थी। ₹ 43.28 करोड़ मूल्य की सामग्री 11 ग्रा.पं. एवं दो प्रखंडों में निर्माण स्थल पर लेखाबद्ध नहीं की गयी थी।
- 15 मिट्टी की /कच्ची सड़कें ₹ 1.22 करोड़ के व्यय पर 2008-09 से 2010-11 की अवधि के दौरान एक जिले के दो प्रखंडों में बनायी गयी थी जो योजना के अंतर्गत अनुमेय नहीं था।
- एक जिले और सात ग्रा.पं. में 2007-08 से लेकर 2011-12 तक शुरू किये गये 42 निर्माण कार्य की 3.78 करोड़ खर्च करने के बाद अपर्याप्त तकनीकी सुविधाओं, भूमि विवाद, सार्वजनिक बाधा एवं बाढ़ के कारण परिव्यक्त छोड़ दिये गये थे।

- एक प्रखंड में 21.00 लाख व्यय करने के बाद 12 वृक्षारोपण कार्य उपलब्ध नहीं पाये गये थे।

➢ वित्तीय प्रबंधन

- मार्च 2007 तक सं.ग्रा.रो.यो. के अंतर्गत ₹ 31.07 लाख का अप्रयुक्त शेष का दो जिलों में मनरेगस में निधियों के हस्तांतरण से बचने के लिए अनियमित रूप से उपयोग किया गया था।
- केन्द्र एवं राज्य दोनों के हिस्से का गैर/कम निर्गम हुआ था। कार्यान्वयन अभिकरणों द्वारा अनियमित प्रशासनिक व्ययों, संदेहास्पद व्ययों, निधियों के कम उपयोग के मामले और डाक घर खातों के गैर-मिलान के मामले देखे गये थे।

➢ मॉनीटरिंग एवं मूल्यांकन

- राज्य सरकार ने निर्माणों की गुणवत्ता के निरीक्षण हेतु राज्य गुणवत्ता मॉनीटरों को निर्दिष्ट नहीं किया था। राज्य, जिला तथा प्रखंड स्तरों पर निर्माण/सतर्कता के निरीक्षण की स्थिति भी निम्न स्तर की थी जो एक जिले में का.अ. के स्तर पर ₹ 4.88 लाख की मजदूरी के जाली भुगतान में परणित हुआ।
- सामाजिक लेखापरीक्षा के संचालन में कमियां थीं हालांकि अधिकांश मामलों में, सामाजिक लेखापरीक्षा संचालित करने के लिए एक वर्ष में ग्राम सभी की दो बैठकें बुलायी गयी थीं। राज्य सरकार ने न ता सामाजिक लेखापरीक्षा निदेशालय का गठन किया था न ही निदेशक और आवश्यक कर्मचारियों की नियुक्ति ही की थी।
- रा.रो.गा.प. ने न ता किसी दिशानिर्देश का रूपायन किया था न ही मूल्यांकन अध्ययन हेतु किसी मूल्यांकन प्रणाली विकसित की।

बिहार

➢ पृष्ठभूमि

राज्य में 38 जिले हैं जिसमें से 23 जिले मनरेगस के तहत प्रथम चरण में अर्थात 2 फरवरी 2006 से तथा शेष 15 जिले 1 अप्रैल 2007 के बाद से शामिल किये गये थे। 2007-12 की अवधि के लिए, ₹ 6292.44 करोड़ मनरेगस के अंतर्गत राज्य का जारी किया गया था। नीचे की तालिका 2007-12 के दौरान राज्य में प्रमुख कार्यान्वयन मापदण्डों में से कुछ को दर्शाता है:

जनसंख्या	ग्रामीण जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार)	ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता	संचयी व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत परिवारों की संख्या	सृजित संचयी श्रमदिवस (₹ करोड़ में)
10,38,04,637	9,20,75,028	88.70	8,110.84	1,33,81,535 *	52.97

*जॉब कार्ड धारक

शुरू किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की प्रतिशतता	शेष सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	संचालित सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	पूर्ण किए गए सामाजिक लेखापरीक्षा की प्रतिशतता
7,44,309	3,05,783	41.08	84,630	71,467 (को छोड़कर 2007-08)	-

➢ नियोजन

- वार्षिक योजना विलंब के साथ और श्रम आकलनों के बगैर बनायी गयी थी। जिला परिप्रेक्ष्य योजना नहीं बनायी गयी थी। छः जिलों में, ₹ 3.76 करोड़ के व्यय को शामिल करते हुए 144 निर्माण कार्यों का निष्पादन वार्षिक योजना के परे किया गया था।
- श्रम बजट को यथार्थवादी तरीके से नहीं बनाया गया था क्योंकि श्रम दिवसों के सृजन में गिरावट (27 से 98 प्रतिशत) देखी गयी थी।

➢ रोजगार सृजन व मजदूरी

- 1997 लाभार्थियों के जॉब-कार्ड सत्यापन के दौरान, 20 प्रतिशत जॉब कार्ड में तस्वीरें नहीं चिपकायी गयी थीं और 26 प्रतिशत मामलों में जॉब कार्ड में प्रविष्ट मजदूरी के भुगतान उनके खातों में जमा राशि के साथ मेल नहीं खा रहे थे।
- मजदूरी के विलंबित और गैर-भुगतान के अनेक मामलों में श्रमिकों को कोई क्षति-पूर्ति नहीं की गयी थी। मांग के अनुसार रोजगार प्रदान नहीं किये जाने के भी मामले थे। अधिकतर मामलों में रोजगार मांगने वालों के मौखिक अनुरोध पर रोजगार प्रदान किये गये थे और रोजगार की मांग के आवदनों को लेखित नहीं किया गया था।

- बकाया मजदूरी तथा लंबित सामग्री बिलों के कारण ₹ 79.54 करोड़ की देनदारियां देखी गयी और मजदूरी के भुगतान में विलम्ब एक से चार वर्षों तक फैल हुए थे।
- प्रति परिवार औसत मजदूरी जिलों में ₹ 513 से ₹ 5407 वार्षिक रूप से थी तथा वार्षिक रूप से राज्य मजदूरी औसत 2007-12 के दौरान ₹ 1717 से ₹ 3788 थे जो राष्ट्रीय मजदूरी औसत की तुलना में कम थे।
- राज्य सरकार के साथ ही कार्यान्वय अभिकरणों को डाक घरों के माध्यम से मजदूरी के भुगतान में समस्याओं का सामना करना पड़ा जिससे मजदूरी के भुगतान में विलम्ब हुआ।

➢ निर्माण एवं परिसम्पत्ति सृजन

- ₹ 21.48 करोड़ के अनुदान की अव्ययित राशि एवं सम्पर्ण ग्रामीण रोजगार योजना/राष्ट्रीय काम के बदले अनाज कार्यक्रम के ₹ 77.36 करोड़ की राशि के अनाज की अप्रयुक्त मात्रा की लागत मनरेगस खातों में हस्तांतरित नहीं किये गये थे। 1127 अपूर्ण निर्माण कार्यों के सफलतापूर्वक समापन हेतु कदम नहीं उठाये गये थे।
- अधिकत्तर मामलों में, निम्न प्राथमिकता निर्माण कार्यों जैसा कि (अधिनियम के अनुसूची 1 में निर्दिष्ट है), को उच्च प्राथमिकता दी गयी थी और ₹ 2.11 करोड़ राशि के गैर-अनुमेय निर्माण कार्यों का निष्पादन किय गया था।

➢ वित्तीय प्रबंधन

- प्रशासनिक व्यय अनुमेय सीमाओं की अधिकता में था।
- राज्य सरकार उपलब्ध अनुदानों को पूरी तरह से उपयोग करने में असफल रही और 2007-12 के दौरान 26 से 40 प्रतिशत तक का अव्ययित शेष पाया गया था।

➢ मॉनीटरिंग एवं मूल्यांकन

- राज्य एवं जिला स्तरों पर मॉनीटरिंग प्रणाली प्रभावशाली नहीं थी। राज्य एवं जिला स्तरों पर गुणवत्ता मॉनीटरों की नियुक्ति नहीं की गयी थी।

➢ अन्य

- समुचित देखभाल के अभाव में तथा स्थल के गलत चुनाव के कारण ₹ 3.12 करोड़ का व्यय कर किया गया वृक्षारोपण (1.76 लाख पौधे) सफल नहीं हुआ।
- सरकार को सूचित डाटा (व्यय/श्रम दिवस) तथा मॉनीटरिंग एवं सूचना प्रणाली (मा.सू.प्र.) में की गयी प्रविष्टियों में बड़ी भिन्नातएं थीं।

छत्तीसगढ़

➢ पृष्ठभूमि

राज्य में 18 जिले हैं। 11 जिले मनरेगस के तहत प्रथम चरण में अर्थात, 2 फरवरी 2006 के बाद से और शेष तीन 1 अप्रैल 2008 से जोड़े गये थे। 2007-12 की अवधि के लिए, मनरेगस के अंतर्गत ₹ 6959.36 करोड़ राज्य को जारी किया गया था। नीचे की तालिका राज्य में 2007-12 के दौरान कुछ प्रमुख कार्यान्वयन मापदण्डों को दर्शाता है:

जनसंख्या	ग्रामीण जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार)	ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता	संचयी व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत परिवारों की संख्या	सृजित संचयी श्रमदिवस (लाख में)
2,55,40,196	1,96,03,658	76.75	7,839.05	41,20,054	4,595.28

शुरू किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की प्रतिशतता	शेष सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	संचालित सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	पूर्ण किए गए सामाजिक लेखापरीक्षा की प्रतिशतता
6,09,942	3,35,524	55.00	79,360	30,042	37.85

➢ नियोजन

- 2007-08 से 2011-12 की अवधि के लिए जिला परिप्रेक्ष्य योजना नमूना परीक्षित जिलों में नहीं बनायी गयी थी।

➢ रोजगार सृजन एवं मजदूरी

- एक जिले में, लाभार्थियों को बैंक/डाक घर पास बुक, बैंक/डाक घर में खाता होने के बावजूद जारी नहीं किये गये थे।
- 10 ग्रा.पं. में, 10041 परिवारों को 15 दिनों के अंदर रोजगार उपलब्ध नहीं कराया गया था तथा उन्हें बेरोजगारी भत्ता भी नहीं दिया गया था।
- जशपुर जिले में, 100 दिनों से अधिक का रोजगार प्रदान किया गया था और मजदूरी का भुगतान मजदूरी रसीदों के साथ छेड़-छाड़ कर किया गया था।
- 14 चयनित प्रखंडों में से आठ में, ₹ 9.58 करोड़ 1 से 376 दिनों के विलम्ब के साथ गयी थी।
- ₹ 69.90 करोड़ रराशि के चैक श्रमिकों को बैंको/डाक घरो की बजाय सीधे भुगतान करने के लिए अनयिमित रूप से सरपंच को जारी किये गये थे।

➢ निर्माण एवं सम्पत्ति सृजन

- ₹ 1.69 करोड़ एवं 0.31 करोड़ के गैर-अनुमेय निर्माण-कार्य (चारदीवारी का निर्माण) दो जिलों में किये गये थे।
- मौजूदा कर्मचारियों से काम कराने के बजाय ₹ 4.18 करोड़ ठेकेदारों को मा.सू.प्र. प्रविष्टि हेतु अनुबंध आधार पर दिया गया था।
- दो जिलों में, कुल ₹ 902.37 के 29636 निर्माण कार्य अन्य कार्यान्वयन अभिकरणों के पास अधूरे पड़े थे।
- बस्तर जिले में, ₹ 4.30 करोड़ राशि के समापन प्रमाण-पत्र 154 अधूरे निर्माण कार्यों के लिए जारी किये गये थे।

➢ मॉनीटरिंग एवं मूल्यांकन

- अन्य अभिकरणों द्वारा किये गये निर्माण कार्यों पर सामाजिक लेखापरीक्षा में चर्चा नहीं की गयी थी।

गोवा

➢ पृष्ठभूमि

राज्य में दो जिले हैं। दोनों जिले 1 अप्रैल 2008 से शामिल किये गये थे। 2007-12 की अवधि के लिए ₹ 15.20 करोड़ राज्य को मनरेगस के अंतर्गत जारी किया गया था। नीचे तालिका 2007-12 के दौरान के कुछ प्रमुख कार्यान्वयन मापदण्डों को दर्शाती हैः

जनसंख्या	ग्रामीण जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार)	ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता	संचयी व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत परिवारों की संख्या	सृजित संचयी श्रमदिवस (लाख में)
14,57,723	5,51,414	37.83	26.31	4,437	8.62

शुरू किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की प्रतिशतता	शेष सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	संचालित सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	पूर्ण किए गए सामाजिक लेखापरीक्षा की प्रतिशतता
3,003	1,296	43.16	1,134	709	62.52

➢ नियोजन

- राज्य रोजगार गारंटी परिषद (रा.रो.गा.प.) की बैठकें बहुत कम अवसरों पर हुई और रा.रो.गा.प. को लगभग गैर-कार्यात्मक कर दिया था।
- योजना का कार्यान्वयन राज्य में 2008-09 में हुआ था, लेकिन वार्षिक योजना तथा परियोजना शेल्फ किसी भी वर्ष के लिए तैयार नहीं किया गया था।

➢ निर्माण एवं संपत्ति सृजन

- ₹1.60 करोड़ की राशि के 146 गैर-अनुमेय निर्माण (कच्ची सड़कों को शामिल करते हुए 14 ग्राम पंचायतों में किये गये थे।
- योजना के अंतर्गत 14 चयनित ग्राम पंचायतों में अधिकतर-निर्माण-कार्यों में मजदूरी-सामग्री अनुपात का पाल नहीं किया गया था।
- ₹ 11.44 लाख मूल्य की संपत्ति कुछ पंचायतों में निजी व्यक्तियों को लाभ देने के लिए सृजित की गयी थी।

➢ वित्तीय प्रबंधन

- श्रम बजट निर्धारित प्रारूप के अनुसार नहीं था और आंकडे मा.सू.प्र. में अपलोड किये गये मासिक प्रगति रिपोर्ट के साथ मेल नहीं खा रहे थे।

➢ मॉनीटरिंग तथा मूल्यांकन

- परनेम प्रखंड में स्थानीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की कार्यशीलता संदिग्ध थी। जन जागरूकता की कमी, निरंतर जन सतर्कता एवं योजना के कार्यान्वयन का सामाजिक लेखापरीक्षा के माध्यम से कम मॉनीटरिंग के मामले थे।

गुजरात

➢ पृष्ठभूमि

राज्य में 26 जिले थे। छः जिले मनरेगस के तहत प्रथम चरण, अर्थात 2 फरवरी 2006 से, तीन जिले 1 अप्रैल 2007 के बाद से और शेष 17 जिले 1 अप्रैल 2008 से शामिल किये गये थे। 2007-12 की अवधि के लिए ₹ 2219.80 करोड़ राज्य को मनरेगस के तहत जारी किये गये थे। नीचे की तालिका 2007-12 के दौरान के कुछ प्रमुख कार्यान्वयन मापदंडों को दर्शाती है:

जनसंख्या	ग्रामीण जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार)	ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता	संचयी व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत परिवारों की संख्या	सृजित संचयी श्रमदिवस (लाख में)
6,03,83,628	3,46,70,817	57.41	2,105.17	40,76,332	1,691.15

शुरू किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की प्रतिशतता	शेष सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	संचालित सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	पूर्ण किए गए सामाजिक लेखापरीक्षा की प्रतिशतता
6,38,692	3,81,021	59.65	57,128	70,379	100

➢ नियोजन

- राज्य रोजगार गारंटी परिषद के गठन में तीन वर्षों का विलम्ब था।
- जिलों ने वार्षिक योजना एवं परियोजना शेल्फों को तैयार नहीं किया था।
- चरण II एवं III में, जिले जिन्हें 2008-12 की अवधि हेतु जिला परिप्रेक्ष्य योजना बनाने के लिए निधियां दी गयी थीं, उन्होंने इसे नहीं बनाया था।

➢ रोजगार सृजन एवं मजदूरी

- श्रम बजट में अनुमानित रोजगार की उपलब्धि में 18 तथा 47 प्रतिशत के बीच गिरावट थी।
- सात प्रखंडों में 201 काल्पनिक श्रमिकों को भुगतान के मामले पाये गये थे।
- मस्टर रोलों का गलत अनुरक्षण किया गया था। मस्टर रोलों पर श्रमिकों के हस्ताक्षर नहीं थे।
- दाहोद तालुके में ₹ 3.59 करोड़ का संदिग्ध दुर्विनियोजन था। मस्टर रोल पर मजदूरी भुगतान किया गया जो उस तालुके में जारी नहीं किये गये थे।
- योजना के अंतर्गत परिवारों के पंजीकरण दर्शाने वाले डाटा असंगति थी। कार्यक्रम अधिकारी के पास पंजीकरण हेतु आवेदनों के भौतिक अभिलेख नहीं थे। ऑनलाइन डाटा गलत था क्योंकि दिखायेग गये ऑनलाइन जॉब कार्ड मौजूद नहीं थे।

- दुहरे जॉब कार्ड संख्याओं और दुहरे खाता संख्याओं के मामले पांच जिलों में थे।
- रोजगार की मांग और प्रदान किये गये रोजगार का कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं था। जॉब कार्डों पर कोई प्रविष्टि नहीं की गयी थी।
- मजदूरी के भुगतान में 1 दिन से लेकर 685 दिनों के विलम्ब थे और विलम्ब थे और विलम्ब के लिए कोई क्षतिपूर्ति नहीं की गयी थी।

➢ निर्माण कार्य एवं सम्पत्ति सृजन

- अहमदाबाद जिले में भूमिगत जलनिकासी, जिसमें मनरेगस श्रमिक संलग्न नहीं थे, के लिए ₹ 90 लाख का व्यय हुआ था।
- ₹ 101.25 करोड़ का व्यय 2,64,652 बोरी बांधों, मानसून के दौरान पानी के भण्डारण के लिए कीचड़ और बालू की एक सरंचना के निर्माण तथा जलस्तर को ऊपर उठाने के लिए इसका भूमिगत रिसाव का व्यवस्था पर हुआ जो टिकाऊनहीं था।
- ₹ 5.25 करोड़ की लागत पर संस्वीकृत दाहोद जिले में 392 कुएं अपूर्ण थे।
- योजना के अंतर्गत सृजित सम्पत्तियों के अनुरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं थी। अहमदाबाद में, ₹ 3.38 लाख की लागत पर किया गया जिला वृक्षारोपण कार्य गैर-अनुरक्षण के कारण सफल नहीं हुआ।

➢ वित्तीय प्रबंधन

- वित्तीय प्रबंधन प्रणाली निपुण नहीं थी और रिपोर्ट असंगत थे।
- दाहोद जिले के दो तालुकों में ₹ 6.07 करोड़ का व्यय हुआ था जो लेखाबद्ध नहीं था।

➢ मॉनीटरिंग एवं मूल्यांकन

- शिकायत निवारण तंत्र निपुण नहीं था क्योंकि शिकायतों के निपटान से संबंधित कोई रिपोर्ट नहीं था।
- राज्य सरकार के पास उपलब्ध मॉनीटरिंग एवं मूल्यांकन सांख्यिकी आंकड़ों को जिलों एवं तालुकों के मौलिक अभिलेखों से पुष्ट नहीं किया गया था।

हरियाणा

➢ पृष्ठभूमि

राज्य में 21 जिले थे। दो जिलों को मनरेगस के तहत प्रथम चरण अर्थात, 2 फरवरी 2006 से शामिल किया गया था। तदुपरांत दो जिले 1 अप्रैल 2007 के बाद से और शेष 17 को 1 अप्रैल 2008 से शामिल किया गया था। 2007-12 की अवधि के लिए, ₹ 715.10 करोड़ राज्य को मनरेगस के अंतर्गत जारी किया गया था। नीचे की तालिका 2007-12 के दौरान राज्य में कुछ प्रमुख कार्यान्वयन मापदण्डों को दर्शाती है:

जनसंख्या	ग्रामीण जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार)	ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता	संचयी व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत परिवारों की संख्या	सृजित संचयी श्रमदिवस (लाख में)
2,53,53,081	1,65,31,493	65.20	837.38	4,85,817 *	7,002.60

*जॉब कार्ड जारी किये गये परिवार

शुरू किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की प्रतिशतता	शेष सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	संचालित सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	पूर्ण किए गए सामाजिक लेखापरीक्षा की प्रतिशतता
46,779	26,818	57.32	24,160	उ.न.	उ.न.

➢ रोजगार सृजन एवं मजदूरी

- छः ग्रा.पं. द्वारा काम की मांग के लिए आवेदनों की दिनांकित रसीद जारी नहीं की गयी थी।
- मजदूरी के भुगतान में 8 से 331 दिनों के विलम्ब देखे गये थे।
- मस्टर रोलों को काट कर, दुबारा लिखकर, मिटाकर, आदि के द्वारा छेड़-छाड़ के इक्कीस मामले देखे गये थे।

➢ निर्माण कार्य एवं सम्पत्ति सृजन

- सभी मौसमों में उपयोग न की जा सकने वाली मिट्टी की सड़कें ₹ 1.06 करोड़ की लागत पर बनायी गयी थीं।
- योजना के अंतर्गत ₹ 55.90 लाख की लागत पर तालाबों की खुदाई पानी की उपलब्धता को सुनिश्चित किये बगैर की गयी थी।

➢ वित्तीय प्रबंधन

- अव्ययित सं.ग्रा.रो.यो. निधियों को मनरेगस खाता में हस्तांतरित नहीं किया गया था।
- जनवरी 2009 से मार्च 2010 में राज्य के हिस्से का ₹ 10.06 करोड़ से कम निर्गम किया गया था।
- सम्पत्तियों के अनुरक्षण हेतु कोई धनराशि खर्च नहीं की गयी थीं।

➢ मॉनीटरिंग एवं मल्यांकन

- वन विभाग द्वारा किये गये ₹ 25.76 करोड़ राशि के निर्माण कार्य के मामले में सतर्कता जांच लम्बित थी।

हिमाचल प्रदेश

➢ पृष्ठभूमि

राज्य में 12 जिले हैं मनरेगस के अंतर्गत दो जिले प्रथम चरण में अर्थात 2 फरवरी 2006 से शामिल किए गए थे। तदन्तर दो जिले 1 अप्रैल 2007 के बाद से तथा शेष आठ जिले 1 अप्रैल 2008 से कवर किए गए थे। मनरेगस के अंतर्गत राज्य को 2007-12 की अवधि के लिए ₹ 1880.34 करोड़ जारी किए गए थे। निम्न तालिका राज्य में 2007-12 के दौरान प्रमुख कार्यान्वयन मापदंडों में से कुछ का सारांश प्रस्तुत करती हैं

जनसंख्या	ग्रामीण जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार)	ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता	संचित व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत परिवारों की संख्या	सृजित संचयी श्रमदिवस (लाख में)
68,56,509	61,67,805	89.95	2,016.41	11,45,000 *	1,068.32

* परिवारों को जारी किए गए जॉब कार्ड

शुरू किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की प्रतिशतता	शेष सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	संचालित सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	पूर्ण किए गए सामाजिक लेखापरीक्षा की प्रतिशतता
उ.न.	1,34,988	उ.न.	29,432	11005 (2007-08 हेतु आंकड़े उ.न.)	

➢ नियोजन

- राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राज्य रोजगार गारंटी परिषद का गठन किया (जुलाई 2006)। स.रो.गा.प. ने अपेक्षित दस बैठकों के प्रति जनवरी 2009 में केवल एक बैठक की जिसने यह दर्शाया कि नियोजन प्रक्रिया, निर्माण कार्यों का निष्पादन, निर्माण कार्यों की शेल्फ की तैयारी, कार्य प्राथमिकताओं को सुनिश्चित करने में उपयुक्त जांच नहीं की गई थी।
- नमूना जांच किए गए जिलों में जिला परिप्रेक्ष्य योजना नहीं बनाई गई थी।

➢ रोजगार उत्पादन एवं मजदूरी

- मजदूरों को ₹ 1.10 करोड़ की मजदूरी 15 दिनों से 795 दिनों के विलम्ब से दी गई थी।
- 25 ग्रा.पं. में 876 मस्टर रोलों में विशिष्ट पहचान संख्या नहीं दी गई थी।

➢ निर्माणकार्य एवं परिसम्पत्ति सृजन

- नमूना जांच किए गए जिलों में, सम विभागों द्वारा 3859 निर्माणकायों के निष्पादन हेतु ₹ 97.27 करोड़ का व्यय किया था। यह पाया गया था कि ये निर्माण न तो संबंधित ग्रा.पं. कीपरियोजनाओं के वार्षिक शुल्क में थे और न ही ग्राम सभा की अनुशंसाओं पर थे।

- निर्माण कार्य प्राथमिकता सूची के अनुसार आरम्भ नहीं किए गए थे। ग्रामीण संयोजकता का निर्माण कार्य जो प्राथमिक सूची में सबसे नीचे था उसे उच्च प्राथमिकता दी गई थी। इसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण निर्माणकार्यों जैसे सूखा बचाव, वनरोपण तथा भू-संरक्षण का निष्पादन नहीं हुआ।

➢ वित्तीय प्रबंधन

- निधि प्रबंधन में वित्तीय रिसाव के जोखिम को कम करने तथा पारदर्शिता और यथार्थता के बढ़ाने के लिए लेखे का मासिक वर्गकरण किया जाना था। लेखाओं के मासिक वर्गकरण की प्रथा किसी भी स्तर पर यह सत्यापित करने के लिए, कि निर्मुक्त की गई धनराशि को तीन शीर्षों अर्थात विभिनन स्तरों पर बैंक खाते में रखी राशि, कार्यान्वयन या भुगतान एजेंसियों को आरम्भ तथा व्यय वाऊचर के अंतर्गत लेखाबद्ध किया गया था, लागू नहीं की गई थी।

जम्मू एवं कश्मीर

➢ पृष्ठभूमि

राज्य में 22 जिले हैं। मनरेगस के अंतर्गत तीन जिले प्रथम चरण अर्थात 2 फरवरी 2006 से कवर किए गए थे। तदन्तर दो जिले 1 अप्रैल 2007 के बाद से तथा शेष 17 जिले 1 अप्रैल 2008 से कवर किए गए थे। मनरेगस के अंतर्गत राज्य को 2007-12 की अवधि के लिए ₹ 1446.04 करोड़ जारी किए गए थे। निम्न तालिका राज्य में 2007-12 के दौरान प्रमुख कार्यान्यन पैरामीटरों में से कुछ का सारांश प्रस्तुत करती है।

जनसंख्या	ग्रामीण जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार)	ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता	संचित व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत परिवारों की संख्या	सृजित संचयी श्रमदिवस (लाख में)
1,25,48,926	91,34,820	72.79	1,501.58	10,05,904 *	851.15

* परिवारों को जारी किए गए जॉब कार्ड

शुरू किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की प्रतिशतता	शेष सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	संचालित सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	पूर्ण किए गए सामाजिक लेखापरीक्षा की प्रतिशतता
1,98,627	1,30,449	65.67	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं

➢ नियोजन

- योजना के कार्यान्वयन के प्रारंभिक वर्षों में जिला परिप्रेक्ष्य योजना नहीं बनाई गई थी तथा मंत्रालय को काफी विलम्ब से श्रम बजट प्रस्तुत किया गया था।
- योजना के अंतर्गत विभिन्न पदों के स्टाफ को कार्य पर लगाने में कुल मिलाकर 76 प्रतिशत (4225 कार्मिक) की कमी पाई गई थी। स्टाफ को प्रशिक्षण देने में कमी 28 प्रतिशत से 100 प्रतिशत के बीच थी। 785 अनुमोदित निर्माण कार्यों का निष्पादन किया गया था तथा वार्षिक योजना में शामिल ₹ 27.79 करोड़ राशि के 2950 निर्माण कार्यों को आरम्भ नहीं किया गया था।

➢ रोजगार उत्पादन एवं मजदूरी

- नमूना जांच किए गए 245 मामलों में मजदूरों को मजदूरी का भुगतान करने मे 3 से 547 दिनों के बीच का विलम्ब था।
- परिवारों के पंजीकरण तथा रोजगार की मांग करने वालों से संबंधित अभिलेखे अनुरक्षित नहीं किए गए थे। नौ प्रतिशत परिवारों को न तो रोजगार उपलब्ध कराया गया और न ही उनको बेरोजगार भत्ता दिया गया था।

➢ निर्माण कार्य एवं परिसम्पत्तियों का सृजन

- कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा किए गए कुल निर्माण कार्य का 78 प्रतिशत अधिनियम की अनुसूची-I के अनुसार उच्च प्राथमिकता निर्माण कार्यों की श्रेणी में नहीं आता है। 484 निर्माण कार्यों पर ₹ 2.92 करोड़ खर्च करने के बाद उन्हें बीच में ही छोड़ दिया था।

➢ वित्तीय प्रबंधन

- अव्ययित शेष ₹ 7.07 करोड़ (अप्रैल 2007) से बढ़कर ₹ 127.66 करोड़ (मार्च 2012) हो गए थे। निधियों के अवरोधन, विलम्बित निर्गमन तथा विपथन के मामले पाए गए थे।
- यद्यपि राज्य रोजगार गारंटी निधि का गठन किया गया था, जैसाकि फरवरी 2012 तक नियत था, उसको काम में नहीं लाया गया था। निधि में ₹ 15.69 करोड़ का अवितरित शेष था जो मुख्यतः मजदूरी में अन्तर के बकाया को निरूपित करता है।

➢ मॉनीटरिंग एवं मल्यांकन

- पूंछ जिले में, जिला गुणवत्ता प्रबोधक तथा ओमबड्समैन नियुक्त नहीं किए गए थे।

झारखंड

➢ पृष्ठभूमि

राज्य में 24 जिले हैं। मनरेगस के अंतर्गत बीस जिले प्रथम चरण अर्थात 2 फरवरी 2006 से कवर किए गए थे। तदनन्तर दो जिले 1 अप्रैल 2007 के बाद से तथा शेष दो जिले 1 अप्रैल 2008 से आवृत किए गए थे। मनरेगस के अंतर्गत 2007-12 के दौरान ₹ 5,468.85 करोड़ राज्यों को दिए गए थे। मनरेगस के अंतर्गत राज्य को 2007-12 के दौरान प्रमुख कार्यान्वयन पैरामीटरों में से कुछ का सारांश प्रस्तुत करती है:

जनसंख्या	ग्रामीण जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार)	ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता	संचित व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत परिवारों की संख्या	सृजित संचयी श्रमदिवस (लाख में)
3,29,66,238	2,50,36,946	75.94	5951.65	3,54,609 *	3,653.85

*केवल नमूना जांच किए गए जिलों के आंकड़े

शुरू किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की प्रतिशतता	शेष सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	संचालित सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	पूर्ण किए गए सामाजिक लेखापरीक्षा की प्रतिशतता
9,84,080	2,69,251	27.36	43,670	13,226	30.28

➢ नियोजन

- राज्य में योजना के अंतर्गत नियोजन प्रक्रिया लोगों की सहभागिता को प्रकाश में लाए बिना औपचारिक तथा अपूर्ण रही।
- नमूना जांच किए गए जिलों में श्रम बजट को बनाने मे कमियों के कारण उत्पादित व्यक्तिदिवसों में वास्तविक उपलब्धियां श्रम बजट के प्रेक्षपणों के अनुरूप नहीं थी।

➢ रोजगार उत्पादन व मजदूरी

- नमूना जांच किए गए छः जिलों में, मजदूरी के भुगतान में 1 से 468 दिनों के विलम्ब होने के बावजूद मजदूरों को किसी क्षतिपूर्ति का भुगतान नहीं किया गया था।

➢ वित्तीय प्रबंधन

- 2009-12 के दौरान श्रम बजट में प्रक्षेपित व्यक्तिदिवसों के प्रति केवल 40 से 59 प्रतिशत व्यक्ति दिवस उत्पादित किए गए थे।
- तीन जिलों में एस.जी.आर.वाई. निधि तथा एन.एफ.एफ.डब्ल्यू.पी. निधियों से संबंधित ₹ 4.43 करोड़ मनरेगस में नहीं मिलाए गए थे।
- 2007-12 के दौरान ₹ 2,994.71 करोड़ की उपलब्ध राशि में से केवल ₹ 2,070.01 करोड़ (69 प्रतिशत) छः जिलों द्वारा व्यय किया गया था जिसके परिणामस्वरूप अव्ययित शेष रहे।

कर्नाटक

➢ पृष्ठभूमि

राज्य में 30 जिले हैं। मनरेगस के अंतर्गत प्रथम चरण में अर्थात 2 फरवरी 2006 से पांच जिले आवृत किए गए थे। तदन्तर 1 अप्रैल 2007 के बाद से छः जिले तथा 1 अप्रैल 2008 से शेष 19 जिले आवृत किए गए थे। मनेरगस के अंतर्गत राज्य का 2007-12 की अवधि के लिए ₹ 5,662.81 करोड़ जारी किए गए थे। निम्न तालिका राज्य में 2007-12 के दौरान प्रमुख कार्यान्वयन पैरामीटरों में से कुछ का सारांश प्रस्तुत करती हैः

जनसंख्या	ग्रामीण जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार)	ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता	संचित व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत परिवारों की संख्या	सृजित संचयी श्रमदिवस (लाख में)
6,11,30,704	3,75,52,529	61.43	6,271.82	55,83,423	4,100.93

शुरू किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की प्रतिशतता	शेष सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	संचालित सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	पूर्ण किए गए सामाजिक लेखापरीक्षा की प्रतिशतता
17,42,186	4,71,633	27.07	23,130	18,592	80

➢ नियोजन

- नियोजन को सरल बनाने के लिए जिला परिप्रेक्ष्य योजना नहीं बनाई गई थी।
- 2009-12 के दौरान मंत्रालय को श्रम बजट भेजने में भारी विलम्ब किया गया था।

➢ रोजगार उत्पादन एवं मजदूरी

- जॉब कार्ड आवेदन की प्राप्ति की तिथि से 15 दिनों के भीतर जारी करने अपेक्षित थे। 2007-12 के दौरान जॉब कार्ड जारी करने में 10 प्रतिशत तक की कमी थी।
- नमूना जांच किए गए जिलों में 3.49 लाख योग के अभिलेखे गलत प्रविष्टियों के आधार पर स्थायी रूप से हटा दिए गए थे। तथापि, इन मामलों में हटाने की तिथि तक ₹ 22.48 करोड़ योग की मजदूरी वितरित की गई थी।
- 2008-12 के दौरान 19.67 लाख व्यक्तियों के संबंध में हटाने की पर्ची लगाई गई तथापि ₹ 156.10 करोड़ की मजदूरी का भुगतान किया गया था।
- 2009-12 के दौरान एम.आई.एस. आंकड़ों के अनुसार 18 वर्ष से कम तथा 90 वर्ष के बराबर या इससे अधिक की आयु वाले व्यक्तियों को निर्माण कार्यों पर लगाया गया था तथा क्रशमः ₹ 3.26 लाख तथा ₹ 2.65 लाख की मजदूरी प्राप्त की।

- नमूना जांच किए गए ग्रा.पं. में कोई मजदूरी पर्चियां नहीं बनाई गई थी।
- 2007-12 के दौरान मनरेगस निर्माण कार्यों पर लगाए गए 98.58 लाख व्यक्तियों के संबंध में बैंक खाते/ डाक घर के ब्यौरे उपलब्ध नहीं थे।
- चिक्का बालापुर जिले के गुडीबंदे तालुक के सात ग्रा.पं. द्वारा निर्माण कार्यों हेतु प्रयोग किए गए मस्टर रोलों में कार्यक्रम अधिकारी के हस्ताक्षर तथा मजदूरों के हस्ताक्षर/अंगूठे के निशान नहीं लगवाए गए थे।

➢ निर्माण कार्य एवं परिसम्पत्ति सृजन

- दो जिलों में कृष्णा भाग्य जिला निगम लि.मि. (कृ.भा.ज.नि.लि.) निर्माण कार्यों पर ₹ 1.12 करोड़ मूल्य की सामग्री पर व्यय योजना निधि में से किया गया था जो सरकार के अनुदेश के विपरित था क्योंकि सामग्री संघटक पर व्यय कृ.भा.ज.नि. निधियों से किया जाना था।
- साम्रगी के प्रति किसी समर्थित वाउचरों के बिना निर्माण कार्यों को ₹ 213.05 लाख डेबिट किए गए थे।

➢ वित्तीय प्रबंधन

- राज्य निधि ने दर्शाया कि पी.आर.आई.एस. के बैंक खाते में अंतरित की गई भारी राशियां विभिन्न कारणों से निधि में वापस क्रेडिट की गई थी जिसका अभी तक समाशोधन नहीं किया गया था।
- सिंदागई तालुक में, मार्च 2009 से मार्च 2010 के दौरान चार व्यक्तियों को ₹ 12.61 लाख के चैक जारी किए गए थे जिनके लिए कोई समर्थित दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे। तीन ग्रा.पं. द्वारा ₹ 19.30 लाख के स्वयं चैक आहरित किए गए थे। गुडीबंदे तालुक में, एक ग्रा.पं. द्वारा बिना किसी समर्थित दस्तावेज के तथा रोकड़ बही में प्रविष्टियां किए बिना किसी अनजान खाते में ₹ 9.48 लाख की राशि अंतरित की।

➢ मॉनीटरिंग एवं मूल्यांकन

- 2007-12 के दौरान 1416 सामाजिक लेखापरीक्षाओं की निर्धारित सीमा के प्रति दो सौ बत्तीस सामाजिक लेखापरीक्षाएं की गई थीं। डाटा का कोई सारांश तैयार करके सामाजिक लेखापरीक्षा हेतु की गई बठैक में ग्राम सभा के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया था।

केरल

➢ पृष्ठभूमि

राज्य में 14 जिले हैं। मनरेगस के अंतर्गत प्रथम चरण में अर्थात 2 फरवरी 2006 दो जिले आवृत किए गए थे। तदन्तर 1 अप्रैल 2007 के बाद से दो जिले तथा 1 अप्रैल 2008 से शेष 10 जिले आवृत किए गए थे। मनरेगस के अंतर्गत राज्य को 2007-12 की अवधि के लिए ₹ 2,390.88 करोड़ जारी किए गए थे। निम्न तालिका राज्य में 2007-12 के दौरान प्रमुख कार्यान्वयन पैरामीटरों में से कुछ का सारांश प्रस्तुत करती हैः

जनसंख्या	ग्रामीण जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार)	ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता	संचित व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत परिवारों की संख्या	सृजित संचयी श्रमदिवस (लाख में)
3,33,87,677	1,74,55,506	52.28	2,483.90	18,78,518	1,678.45

शुरू किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की प्रतिशतता	शेष सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	संचालित सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	पूर्ण किए गए सामाजिक लेखापरीक्षा की प्रतिशतता
5,40,073	4,03,076	74.63	1,63,013	1,56,341	95.91

➢ नियोजन

- नियमावली बनाने में 4 से 6 वर्षों तक का विलम्ब था।
- सभी ग्रा.पं. में, अनुमानित मांग तथा वास्तविक रोजगार उत्पादन के बीच भारी अन्तर थे। निर्माण कार्यों की प्रेक्षित लागत तथा व्यय, वास्तविक (व्यय) की तुलना में बहुत अधिक था।

➢ रोजगार उत्पादन एवं मजदूरी

- अधिनियम के अंतर्गत पंजीकरण कराने के इच्छुक व्यक्तियों की पहचान करने के लिए 39 ग्रा.पं. में द्वार से द्वार सर्वेक्षण नहीं किया गया था।
- दो मामलों के अतिरिक्त, किसी में बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया गया था।
- थिरूवनंतपुरम में सभी ग्रा.पं. में मस्टर रोलों में पाया गया था।
- अधिकांश ग्रा.पं. में, मजदूरी भुगतान में 23 से 138 दिनों तक का विलम्ब किया गया था।
- निर्माण कार्यों का माप किए बिना ₹ 12.86 लाख का भुगतान किया गया था।
- 39 ग्रा.पं. में से 37 ग्रा.पं. में मजदूरी स्लिपें नहीं बनाई गई थी।

- अधिकांश ग्रा.पं. में जॉब कार्ड पर मजदूरी के ब्यौरे दर्ज नहीं किए गए थे।

➢ निर्माण कार्य परिसम्पत्ति सृजन

- निर्माण कार्यों की सामग्री संघटक कुल निर्माण कार्य लागत के 2.5 प्रतिशत से कम था। परिणामतः ₹ 299.48 करोड़ का व्यय करने के पश्चात सृजित परिसम्पत्तियों की उपयोगिता की सीमा संदेहपूर्ण हो गई।
- राज्य ने 2007-12 के दौरान ₹ 349.59 करोड़ मूल्य के 87,280 निर्माण कार्य छोड़ दिए।
- एक ग्रा.पं. में, निजी भूमि पर किए गए निर्माण कार्य, जिनमें मुख्यतः पौधों को उखाड़ना (₹ 32.37 लाख) शामिल था, को जल संरक्षण तथा जल सिंचाई के प्राथमिक कार्य के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया था।
- सिंचाई विभाग के समुद्र विरोधी भूक्षरण विंग को शामिल न होने के परिणास्वरूप ₹ 55.82 लाख का व्यय करने के पश्चात समुद्र रोक भूक्षरण का उद्देश्य प्राप्त नहीं हुआ।

➢ मॉनीटरिंग तथा मूल्यांकन

- सोशल आडिट बैठकें उस व्यक्ति, जो पंचायत का सदस्य न हो, की अध्यक्षता में की जानी थी तथा पंचात से बाहर के व्यक्ति को सोशल आडिट फोरम का सचिव बनाया जाना था। तथापि, 34 ग्रा.पं. में अध्यक्ष तथा सचिव पंचात के भीतर से ही थे।
- ब्लॉक, जिला तथा राज्य स्तर पर निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन करने में क्रमशः 100 प्रतिशत, 10 प्रतिशत तथा दो प्रतिशत के निर्धारित लक्ष्य के प्रति कमी थी।

मध्य प्रदेश

➢ पृष्ठभूमि

राज्य में 50 जिले हैं। मनरेगस के अंतर्गत प्रथम चरण में अर्थात 2 फरवरी 2006 से अठारह जिले आवृत किए गए थे। तदन्तर 1 अप्रैल 2007 के बाद से 13 जिले तथा 1 अप्रैल 2008 से शेष 19 जिले आवृत किए गए थे। राज्य को मनरेगस के अंतर्गत 2007-12 की अवधि के लिए ₹ 15,717.43 करोड़ जारी किए गए थे। निम्न तालिका 2007-12 के दौरान राज्य में कुछ प्रमुख कार्यान्वयन पैरामीटरों का सारांश प्रस्तुत करती हैः

जनसंख्या	ग्रामीण जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार)	ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता	संचित व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत परिवारों की संख्या	सृजित संचयी श्रमदिवस (लाख में)
7,25,97,565	5,25,37,899	72.36	17,193.12	1,18,60,150	11,719.52

शुरू किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की प्रतिशतता	शेष सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	संचालित सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	पूर्ण किए गए सामाजिक लेखापरीक्षा की प्रतिशतता
30,94,945	8,42,629	27.22	1,92,666	86,459	45

➢ नियोजन

- योजना के बारे में लाभार्थियों में जागरूकता की कमी के कारण, राज्य में रोजगार की गारंटी पर आधारित योजना के रूप में इसे कार्यान्वित नहीं किया जा सकता था।

➢ रोजगार सृजन एवं मजदूरी

- राज्य सरकार ने योजना के अंतर्गत सभी ग्रामीण परिवारों का पंजीकरण करना आवश्यक बनाया तथा उनको जॉब कार्ड जारी किए जिसके कारण चुनिंदा जिलों में 13.35 लाख से 19.74 लाख अपात्र लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया था।
- सम विभागों द्वारा किसी मुआवजे का भुगतान किए बिना 2 से 292 दिनों तक के विलम्ब से ₹ 472.88 लाख की मजदूरी वितरित की गई थी।

➢ निर्माण कार्य एवं परिसम्पत्ति सृजन

- सम विभागों द्वारा निष्पादित किए गए निर्माण कार्य ग्रा.पं. की परियोजनाओं के शेल्फ में शामिल नहीं थे। इस प्रकार, इन निर्माण कार्यों द्वारा रोजगार उत्पादन के संबंध में सूचना उपलब्ध नहीं थी।

- एक ब्लॉक में जिला परियोजना रिपोर्ट की तैयारी पर ₹ 24.03 लाख का निष्फल व्यय किया गया।
- योजना के अंतर्गत अननुज्ञेय निर्माण कार्यों का निष्पादन हुआ पाया गया था।
- रोपण हेतु तथा बॉयो कम्पोस्ट निर्माण कार्यों की तैयारी के लिए चिन्हित निधियों को शौचालयों के निर्माण हेतु विपथित किया गया था।
- भौतिक सत्यापन के दौरान निष्पादित निर्माण कार्यों की अविधमानता पाई गई थी।

➢ वित्तीय प्रबंधन

➢ डी.पी.सी. (शाहडोल) द्वारा लाभार्थियों के बैंक पास बुक के मुद्रण पर ₹ 22.15 लाख का व्यय किया गया था।

महाराष्ट्र

➢ पृष्ठभूमि

राज्य में 33 जिले हैं। मनरेगस के अंतर्गत प्रथम चरण में अर्थात 2 फरवरी 2006 से बारह जिले, 1 अप्रैल 2007 के बाद से छः जिले तथा 1 अप्रैल 208 से शष 15 जिले आवृत किए गए थे। राज्य को मनरेगस के अंतर्गत 2007-12 की अवधि के लिए ₹ 1,711.60 करोड़ जारी किए गए थे। निम्न तालिका राज्य में 2007-12 के दौरान कुछ प्रमुख कार्यान्वयन पैरामीटरों की रूपरेखा प्रस्तुत करती हैः

जनसंख्या	ग्रामीण जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार)	ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता	संचित व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत परिवारों की संख्या	सृजित संचयी श्रमदिवस (लाख में)
11,23,72,972	6,15,45,441	54.76	2,820.81	67,35,119	1,595.02

शुरू किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की प्रतिशतता	शेष सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	संचालित सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	पूर्ण किए गए सामाजिक लेखापरीक्षा की प्रतिशतता
1,21,977	39,294	32.21	480	370	77.08

➢ नियोजन

- शिकायत निवारण तंत्रविधि, बेरोजगार भत्ता आदि से संबंधित नियमावली नहीं बनाई गई थी। राज्य रोजगार गारंटी परिषद की केवल एक बाद बैठक हुई तथा वह विधानसभा में वार्षिक रिपोर्टें प्रस्तुत करने में विफल रही।
- आठ जिलों में, जिला परिप्रेक्ष्य योजनाएं नहीं बनाई गई थी। श्रम बजट में प्रक्षेपित श्रम मांग का निर्धारण अवास्तविक था।

➢ रोजगार उत्पादन एवं मजदूरी

- पांच किलोमिटर से अधिक दूरी पर सौंपे गए निर्माण कार्य के कारण देय ₹ 3.27 लाख राशि की अतिरिक्त मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया था। इसके अतिरिक्त, एक ब्लॉक में ₹ 0.82 लाख के बेरोजगार भत्ते का भी भुगतान नहीं किया गया था।

➢ निर्माण कार्य एवं परिसम्पत्ति सृजन

- योजना के अंतर्गत सर्वेक्षण की कमी के कारण निर्माण कार्य छोड़ दिए गए थे तथा अननुज्ञेय निर्माण कार्यों को भी आरम्भ किया गया था। निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने में कमी थी।

➢ मॉनीटरिंग एवं मूल्यांकन

- सितम्बर 2011 में पदनामित मनरेगा आयुक्तालय को महत्वपूर्ण पदों में रिक्तियों को देखते हुए अभी उचित कार्य करने थे। शिकायत निवारण सामाजिक लेखापरीक्षा आदि हेतु विशिष्ट नियमावली का अभाव भी पाया गया था।

मणिपुर

➢ पृष्ठभूमि

राज्य में नौ जिले हैं। मनरेगस के अंतर्गत प्रथम चरण में अर्थात 13 अप्रैल 2006 एक जिला, 1 अप्रैल 2007 के बाद से नौ जिले तथा 1 अप्रैल 2008 से शेष छः जिले आवृत किए गए थे। राज्य को मनरेगस के अंतर्गत 2007-12 की अवधि में ₹ 1,832.02 करोड़ जारी किए गए थे। निम्न तालिका 2007-12 के दौरान राज्य में कुछ प्रमुख कार्यान्वयन मापदंडों का सारांश प्रस्तुत करती है:

जनसंख्या	ग्रामीण जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार)	ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता	संचित व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत परिवारों की संख्या	सृजित संचयी श्रमदिवस (लाख में)
27,21,756	18,99,624	69.79	1,853.08	18,06,027	1,312.13

शुरू किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की प्रतिशतता	शेष सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	संचालित सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	पूर्ण किए गए सामाजिक लेखापरीक्षा की प्रतिशतता
38,430	34,709	90.32	24,288	17,019	70.07

➢ नियोजन

- किसी भी नमूना जिले में, जिला परिप्रेक्ष्य योजना (जि.प.यो.) नहीं बनाई गई थी।

➢ निर्माण कार्य एवं परिसम्पत्ति सृजन

- तीन जिलों में, 19 निर्माण कार्यों का निष्पादन किए बिना ₹ 1.05 करोड़ का भुगतान किया गया था।

- 52 ग्रा.पं. में, ₹ 10.73 करोड़ पर निष्पादित 119 सड़क निर्माण कार्यों ने सुगम रास्ता उपलब्ध नहीं कराया।

➢ वित्तीय प्रबंधन

➢ तीन जिलों (चराचांदपुर, इम्फाल पूर्वी तथा टेमेंगलोंग) में, प्रशासनिक खर्चे के लिए चिन्हित निधियों में से उप आयुक्त के बंगले पर निर्माण कार्यों, हॉल के निर्माण आदि ₹ 5.85 करोड़ का व्यय किया गया था।

➢ मॉनीटरिंग एवं मूल्यांकन

- राज्य सरकार ने पूर्णकालिक समर्पित कार्यक्रम अधिकारियों को नियुक्त नहीं किया था। चुराचांदपुर तथा टेमेंगलांग जिलों में ग्राम रोजगार सहायक नियुक्त नहीं किया गया था। नौ नमूना ब्लॉकों में पर्याप्त तकनीकी सहायकों/क.अ. की नियुक्ति नहीं की गई थी। निर्माण कार्यों के अनुमान तथा मापन में सहयोग देने के लिए मान्यता प्राप्त इंजीनियरों का पैनल नहीं बनाया गया था।

मेघालय

➢ पृष्ठभूमि

राज्य में सात जिले हैं। मनरेगस के अंतर्गत प्रथम चरण में अर्थात 2 फरवरी 2006 से दो जिले, 1 अप्रैल 2007 के बाद से तीन जिले तथा 1 अप्रैल 2008 से शेष दो जिले आवृत किए गए थे। मनरेगस के अंतर्गत राज्य को 2007-12 की अवधि के लिए ₹ 843.37 करोड़ जारी किए गए थे। निम्न तालिका राज्य में 2007-12 के दौरान कुछ प्रमुख कार्यान्वयन पैरामीटरों का सारांश प्रस्तुत करती है।

जनसंख्या	ग्रामीण जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार)	ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता	संचित व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत परिवारों की संख्या	सृजित संचयी श्रमदिवस (लाख में)
29,64,007	23,68,971	79.92	597.72	2,60,353	175.39

शुरू किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की प्रतिशतता	शेष सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	संचालित सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	पूर्ण किए गए सामाजिक लेखापरीक्षा की प्रतिशतता
46,024	27,756	60	30,957	957	3

➢ नियोजन

- ईस्ट खासी हिल्स ने 2006-2011 के दौरान जिला परिप्रेक्ष्य योजना नहीं बनाई थी।

➢ रोजगार उत्पादन एवं मजदूरी

- जॉब कार्ड विनिर्देशनों के अनुसार मुद्रित नहीं किए गए थे।
- आठ चुनिंदा ब्लॉकों में ₹ 84.18 लाख राशि की मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया था।

➢ निर्माण कार्य एवं परिसम्पत्ति सृजन

- रोंग्राम ब्लॉक में 112 परियोजनाओं के संबंध में ₹ 39.94 लाख का आधिक्य व्यय किया गया था।

➢ वित्तीय प्रबंधन

- जिला कार्यक्रम समन्वयक द्वारा राज्य सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा मंत्रालय को श्रम बजट के प्रस्तुतीकरण में विलम्ब होने के कारण मंत्रालय द्वारा राज्य को कब निधियां जारी की गई जिसका परिणाम देयताओं में हुआ।

मिजोरम

➢ पृष्ठभूमि

राज्य में आठ जिले हैं। मनरेगस के अंतर्गत प्रथम चरण में अर्थात 2 फरवरी 2006 से दो जिले, 1 अप्रैल 2007 के बाद से दो जिले तथा 1 अप्रैल 2008 से शेष चार जिले आवृत किये गये थे। मनरेगस के अंतर्गत राज्य को 207-12 की अवधि में ₹ 1,007.94 जारी किये गये थे। निम्न तालिका राज्य में 2007-12 के दौरान कुछ प्रमुख कार्यान्वयन पैरामीटरों का सारांश प्रस्तुत करती है:

जनसंख्या	ग्रामीण जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार)	ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता	संचित व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत परिवारों की संख्या	सृजित संचयी श्रमदिवस (लाख में)
10,91,014	5,29,037	48.49	**1,104.32**	**1,74,749**	**664**

शुरू किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की प्रतिशतता	शेष सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	संचालित सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	पूर्ण किए गए सामाजिक लेखापरीक्षा की प्रतिशतता
16,284	**12,441**	**76**	**182**	**6,770**	**100**

➢ निर्माण कार्य एंव परिसम्पत्ति सृजन

- दो जिलों (लुंगलई तथा लांगतलाई) में मनरेगस का अन्य योजना के साथ अभिसरण की प्रक्रिया आरम्भ नहीं की गई थी।

➢ वित्तीय प्रबंधन

- राज्य सरकार ने ₹ 105.43 करोड़ के सदृश हिस्से के प्रति ₹ 83.52 करोड़ जारी किए। इसके परिणामस्वरूप आठ जिलों को ₹ 21.91 करोड़ कम जारी किये गये।
- राज्य सरकार ने लुंगलई तथा लांगतलाई जिलों को उसके हिस्से के क्रमशः ₹ 17.89 करोड़ तथा 13.87 करोड़ 9 से 317 दिनों के विलम्ब से जारी किए।

➢ मॉनीटरिंग एवं मूल्यांकन

- राज्य सरकार ने परिचालनात्मक दिशानिर्देशों के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के अनुसार निर्माण कार्यों का निरीक्षण तथा भौतिक सत्यापन नहीं किया था।

नागालैण्ड

➢ पृष्ठभूमि

राज्य में 11 जिले हैं। प्रथम चरण में अर्थात फरवरी 2006 से मनरेगस के अंतर्गत एक जिला, 1 अप्रैल 2007 से चार जिले और 1 अप्रैल 2008 से शेष छः जिले आवृत्त थे। 2007-12 की अवधि हेतु, मनेरगस के अंतर्गत राज्य को ₹ 2060.01 करोड़ जारी किए गए थे। नीच दी गई तालिका में 2007-12 के दौरान राज्य में कुछ प्रमुख कार्यान्वयन मापदंडों को दर्शाता है:

जनसंख्या	ग्रामीण जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार)	ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता	संचयी व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत परिवारों की संख्या	सृजित संचयी श्रमदिवस (लाख में)
19,80,602	14,06,861	71.03	2,098.32	3,74,925	518

शुरू किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की प्रतिशतता	शेष सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	संचालित सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	पूर्ण किए गए सामाजिक लेखापरीक्षा की प्रतिशतता
32,878	28,000	85.16	9,874	4,432	44.89

➢ नियोजन

- दो वर्षों के विलंब के साथ राज्य रोजगार गारंटी परिषद स्थापित की गई थी।
- प्रशिक्षण की कमी के परिणामस्वरूप सभी स्तरों पर अभिलेखों का खराब अनुरक्षण हुआ।
- का.अ. से जि.का.स. द्वारा श्रमिक बजट के प्रस्तुतीकरण में विलम्ब 2 से 4 माह तक तथा जि.का.स. से रा.रो.ग.प. 2 से 8 माह तक का था।

➢ रोजगार सृजन व मजदूरी

- ₹ 10.31 लाख के मजदूरी भुगतान को शामिल करते हुए 54 ग्रा.पं. में से पांच ग्रा.पं. में काटने, अधिलेखन, मिटाने और कागजों को चिपकाकार मस्टर रोल से छेड़छाड़ पाई गई।

➢ निर्माण कार्यों व संपत्ति सृजन

- तीन जिलों ने योजना के दिशानिर्देशों के उल्लंघन में 36 हल्के वाहनों की प्राप्ति हेतु ₹ 2.21 करोड़ का व्यय किया। आगे, इन जिलों ने नई इमारतों के निर्माण हेतु ₹ 58.90 लाख का व्यय किया। जि.का.स. दीमापुर द्वारा मॉ.सू.प्र. में डाटा प्रविष्टि हेतु जिन कम्प्यूटरों की प्राप्ति की गई थी, वह ग्रा.पं. स्तर पर अधिकारियों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिए जाने का प्रावधान न होने के कारण निष्क्रिय रहे।

- परिप्रेक्ष्य योजना में ₹ 63.99 करोड़ के नियोजित 273 ग्रामीण संयोजकता योजना की अपेक्षा में, 54 ग्रा.पं. ने ₹ 87.82 करोड़ के ग्रामीण संयोजकता हेतु 514 निर्माण कार्य किए गए थे। आगे, इन 54 ग्रा.पं. ने परिप्रेक्ष्य योजना से बाहर ₹ 23.83 करोड़ की राशि के 241 ग्रामीण संयोजकता निर्माण कार्य पूर्ण किए थे।
- ₹ 7.65 करोड़ के तिरासी परियोजनाओं का पूरा होना सूचित किया गया था, मौजूद नहीं थे जोकि 54 ग्रा.पं. में ₹ 7.65 करोड़ का संभावित दुर्विनियोजन दर्शाता है। 23 निर्माण कार्यों के मामलों में गैर-अनुमेय निर्माण कार्यों की विचलन राशि द्वारा कम निष्पादन की कीमत ₹ 4.73 करोड़ तथा ₹ 10.01 करोड़ की कीमत के 45 गैर-अनुमेय निर्माण कार्यों का निष्पाद भी संयुक्त भौतिक सत्यापन के दौरान पाया गया था।
- राज्य स्तर के अधिकारी पिछले पांच वर्षों के दौरान 137 निर्माण कार्यों के लक्ष्य की अपेक्षा में केवल 25 निर्माण कार्यों (18 प्रतिशत) का सत्यापन कर पाए। जिला स्तर अधिकारियों ने 684 निर्माण कार्यों के लक्ष्य की अपेक्षा में केवल 165 निर्माण कार्यों (24 प्रतिशत) का निरीक्षण किया था जबकि 6,837 लक्षित निर्माण कार्यों की अपेक्षा में ब्लॉक अधिकारियों ने 3,217 निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया था।

➢ वित्तीय प्रबंधन

- 2007-08 से 2011-12 के दौरान नागालैण्ड की सरकार द्वारा ₹ 116.57 करोड़ के अनुपातिक हिस्से को जारी करने में कमी थी जिसने उस हद तक योजना के कार्यान्वयन को प्रभावित किया।
- 2007-08 एवं 2008-09 के दौरान, जि.का.स. मोन एवं दीमापुर ने मंत्रालय द्वारा तय स्वीकार्य प्रशासनिक व्यय से बढ़कर ₹ 96 लाख का अतिरिक्त व्यय किया।
- 2011-12 के दौरान जि.का.स., दीमापुर द्वारा, कार्यक्रम अधिकारी (का.अ.) धानसिरीपर को जारी की गई ₹ 1.68 करोड़ की निधियों का दुर्विनियोजन संदिग्ध था। का.अ. द्वारा संचालत मनरेगस बैंक खाते में निधियों को लेखाबद्ध नहीं किया गया था।
- तीन जिलों में सात नमूना परीक्षित का.अ. द्वारा 54 नमूना परीक्षित ग्रा.पं. में निधियों के संचरण के दौरान ₹ 65.39 करोड़ की संदिग्ध वित्तीय रिसाव देखा गया था।

➢ मॉनीटरिंग एवं मूल्यांकन

- 54 ग्रा.पं. में 488 सामाजिक लेखापरीक्षा बैठकों की आवश्यकता की अपेक्षा में 280 सामाजिक लेखापरीक्षा (57 प्रतिशत) आयोजित की गई थी। तीन जिलों और सात ब्लॉकों में, 2007-08 से 2011-12 के दौरान क्रमशः 46 प्रतिशत एवं 44 प्रतिशत सामाजिक लेखापरीक्षा संचालित की गई थी।

➢ अन्य

- चूंकि ग्राम रोजगार सहायक (ग्रा.रो.स.) नियुक्त नहीं किए गए थे, पंचायत सचित द्वारा अभिलेखों का अनुरक्षण किया गया था। 28 ग्रा.पं. में अभिलेखों का गैर/खराब अनुरक्षण पाया गया था।

ओड़िशा

➢ पृष्ठभूमि

राज्य में 30 जिले हैं। मनरेगस के अंतर्गत पहले चरण अर्थात, 2 फरवरी 2006 से 19 जिले, 1 अप्रैल 2007 से पांच जिले और 1 अप्रैल 2008 से शेष छः जिले आवृत्त किए गए थे। 2007-12 की अवधि हेतु, मनरेगस के अंतर्गत राज्य को ₹ 4401.29 करोड़ जारी किए गए थे। नीच दी गई तालिका 2007-12 के दौरान राज्य में कुछ प्रमुख कार्यान्वयन मापदण्डों को दर्शाती हैः

जनसंख्या	ग्रामीण जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार)	ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता	संचयी व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत परिवारों की संख्या	सृजित संचयी श्रमदिवस (लाख में)
4,19,47,358	3,49,51,234	83.32	5,369.29	62,18,651	3,123.09

शुरू किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की प्रतिशतता	शेष सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	संचालित सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	पूर्ण किए गए सामाजिक लेखापरीक्षा की प्रतिशतता
3,26,535	1,69,265	51.84	24,936 (2010-11 एवं 2011-12 के लिए आंकड़े)	23,452 (2010-11 एवं 2011-12 के लिए आंकड़े)	--

➢ नियोजन

- मनरेगस निर्माण कार्यों हेतु अपर्याप्त स्टाफ होने के कारण संस्थागत व्यवस्थाएं कमजोर पाई गई थीं।
- महत्वपूर्ण कार्यकताओं को प्रदान किया गया प्रशिक्षण अपर्याप्त था जिसके परिणामस्वरूप क्षमता निर्माण कमजोर हुई।
- ग्रा.पं. को शामिल किए बिना वाषिक कार्य योजना की तैयारी की गई थी।
- प्रभावी निधि प्रबंधन हेतु परिक्रामी निधि का सृजन नहीं किया गया था।

➢ रोजगार सृजन व मजदूरी

- पंजीकरण हेतु पात्र परिवारों की पहचान के लिए किसी घर-घर के सर्वेक्षण को संचालित नहीं किया गया था।
- जॉब कार्डों को जारी करने में विलम्ब थे। जॉब कार्डों के साथ जॉब कार्ड रजिस्टर में तस्वीरें नहीं चिपकाई गई थीं जिससे जॉब कार्डों के दुरूपयोग की संभावना बनती थी।
- मजदूरी के भुगतान में विलंब हुआ था।

➢ निर्माण कार्य व संपत्ति सृजन

- मस्टर रोल के उपयोग में नियंत्रण की कमी के परिणामस्वरूप योजना निधियों का दुर्विनियोजन/गलत उपयोग हुआ।
- कम प्राथमिकता के मिट्टी के निर्माण कार्यों की शुरूआत की गई जिसके परिणामस्वरूप अस्थायी संपत्ति का सृजन हुआ।
- संपत्ति के भौतिक सत्यापन करने पर निर्माण कार्यों के निष्पादन में मशीन का उपयोग पाया गया।

➢ वित्तीय प्रबंधन

- बैंक जमा से अर्जित ब्याज को रोकड़ पुस्तिका में लेखाबद्ध नहीं किया गय था।
- बंद की गई स.ग्रा.रो.यो. योजना के अंतर्गत निधियों को मनरेगस में हस्तांतरित नहीं किया गया था।
- मनरेगस से निधियों का विचलन पाया गया जिनकी मार्च 2012 तक प्रतिपूर्ति नहीं की गई थी।
- श्रमिक बजट को अवास्तविक पाया गया क्योंकि अनुमानित आंकड़ों एवं वास्तविक व्यय में काफी विविधताएं थीं।

➢ मॉनटरिंग एवं मूल्यांकन

- सामाजिक लेखापरीक्षा को उचित रूप में संचालित नहीं किया गया था।
- राज्य/जिला/ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा अपर्याप्त मॉनीटरिंग के परिणामस्वरूप निर्माण कार्यों/परियोजनाओं की बड़ी संख्या को पूरा नहीं किया जा सका।

पंजाब

➢ पृष्ठभूमि

राज्य में 22 जिले हैं। मनरेगस के अंतर्गत प्रथम चरण में अर्थात 2 फरवरी 2006 से एक जिला, 1 अप्रैल 2007 के बाद से तीन जिले तथा 1 अप्रैल 2008 से शेष 18 जिले आवृत किये गये थे। मनरेगस के अंतर्गत राज्य को 2007-12 की अवधि के लिए ₹ 483.75 करोड़ जारी किए गए थे। निम्न तालिका राज्य में 2007-12 के दौरान कुछ प्रमुख कार्यान्वयन पैरामीटरों का सारांश प्रस्तुत करती है:

जनसंख्या	ग्रामीण जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार)	ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता	संचयी व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत परिवारों की संख्या	सृजित संचयी श्रमदिवस (लाख में)
2,77,04,236	1,73,16,800	62.51	569.30	8,65,656*	277.59

*परिवारों को जारी किए गए जॉब कार्ड

शुरू किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की प्रतिशतता	शेष सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	संचालित सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	पूर्ण किए गए सामाजिक लेखापरीक्षा की प्रतिशतता
45,680	18,062	39.54	95,709	85,364	89.19

➢ नियोजन

- मनरेगस स्टाफ की 45 से 93 प्रतिशत तक कमी थी।
- चयनित तीन जिलों में वार्षिक योजनाएं, श्रम बजट तथा ग्राम पंचायतों से निर्माणकार्यों की लागत पर विचार किए बिना बनाई गई थी।
- छः जिलों में से तीन ने जिला परिप्रेक्ष्य योजना नहीं बनायी थी।

➢ रोजगार उत्पादन एवं मजदूरी

- पांच जिलों के 79 ग्रा.पं. में पंजीकरण हेतु कोई घर-घर जाकर सर्वेक्षण नहीं किया गया था।
- 48 ग्रा.पं. में लाभार्थियों को 790 दिनों तक के विलम्ब से मजदूरी का भुगतान किया गया था। विलम्बित भुगतानों के लिए कोई क्षतिपूर्ति नहीं की गई थी।

➢ निर्माण कार्य एवं परिसम्पत्ति सृजन

- 52 ग्रा.पं. में ₹ 1.20 करोड़ राशि के 67 गैर-अनुमेय निर्माण कार्यों का निष्पादन किया गया था।

- मजदूरी सामग्री का 60:40 का अनुपात नहीं रखा गय था जिसके परिणामस्वरूप सामग्री संघटक पर आधिकय व्यय किया गया था।

➢ मॉनीटरिंग एवं मूल्यांकन

- शिकायतों का 15 दिनों के निर्धारित समय के भीतर निपटान नहीं किया गया था। चुनिंदा जिलों में शिकायतों के निपटान में 673 दिनों तक का विलम्ब हुआ था।
- तीन जिलों में, सामाजिक लेखापरीक्षा रिपोर्टों की जांच करने तथा उस पर उपयुक्त कार्रवाई करने के लिए आंतरिक इकाई का गठन नहीं किया गया था।
- सामाजिक लेखापरीक्षा करने में कमी थी।
- राज्य रोजगार गारंटी परिषद ने जिलावार मूल्यांकन अध्ययन नहीं किया था।

➢ अन्य

- चार जिलों में चुनिंदा ग्रा.पं. द्वारा मस्टर रोल प्राप्ति रजिस्टर, जॉब कार्ड आवेदन रजिस्टर, रोजगार रजिस्टर, निर्माण कार्य रजिस्टर, शिकायत रजिस्टर, मासिक आबंटन तथा उ.प्र. निगरानी रजिस्टर, जॉब कार्ड रजिस्टर तथा परिसम्पत्ति रजिस्टर का अनुरक्षण नहीं किया गया था।

राजस्थान

➢ पृष्ठभूमि

राज्य में 33 जिले हैं। मनरेगस के अंतर्गत प्रथम चरण में अर्थात 2 फरवरी 2006 से छः जिले, 1 अप्रैल 2007 के बाद से छः जिले तथा 1 अप्रगैल 2008 से शेष 21 जिले कवर किए गए थे। मनरेगस के अंतर्गत राज्य को 2007-12 की अवधि में ₹ 17,928.73 करोड़ जारी किए गए थे। निम्न तालिका राज्य में 2007-12 के दौरान कुछ प्रमुख कार्यान्वयन पैरामीटरों का सारांश प्रस्तुत करती हैः

जनसंख्या	ग्रामीण जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार)	ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता	संचयी व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत परिवारों की संख्या	सृजित संचयी श्रमदिवस (लाख में)
6,86,21,012	5,15,40,236	75.11	19,841.04	1,01,55,775	16,140.36

शुरू किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की प्रतिशतता	शेष सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	संचालित सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	पूर्ण किए गए सामाजिक लेखापरीक्षा की प्रतिशतता
6,76,105	3,16,156	46.76	45,885	45,532 (2007-09 के लिए आंकड़े उपलब्ध नहीं कराए गए)	-

➢ नियोजन

- नियम नहीं बनाए गए थे तथा आयोजित की गई रा.बे.गा.प. की बैठकों की संख्या अपर्याप्त थी। स्टाफ की कमी, सूचना, शिक्षा तथा संचार क्रियाकलापों तथा प्रशिक्षण में कमी पाई गई थी।
- वार्षिक योजनाओं की तैयारी विलम्बित तथा अवास्तविक थी।
- आंकलन तथा वास्तविक रोजगार में विभिन्नता देखी गई थी।
- जिला परिप्रेक्ष्य योजनाएं नहीं बनाई गई थी।
- ₹ 24.27 करोड़ शामिल होने वाले निर्माण कार्य, जो वार्षिक योजनाओं के हिस्से नहीं थे, संस्वीकृत किए गए थे।
- सं.ग्रा.रो.यो. तथा रा.का.ब.अ.का. के अव्ययित शेषों को योजना लेखे में अंतरित नहीं किया गया था।

➢ रोजगार उत्पादन एवं मजदूरी

- परिवारों के पंजीकरण तथा जॉब कार्ड जारी करने में अनियमितताएं पाई गई थी।
- मजदूरों को ₹ 4.64 करोड़ की मजदूरी का नकद भुगतान किया गया था। मजदूरी का भुगतान करने में भी विलम्ब हुआ था।
- ₹ 118.13 करोड़ की निधियों का गलत वर्गीकरण पाया गया था।

➢ निर्माण कार्य एवं परिसम्पत्ति सृजन

- निर्माण कार्यों के निष्पादन में मजदूरी और सामग्री के अनुपात का अनुरक्षण नहीं किया गया था।
- ₹ 36.58 करोड़ राशि के निर्माण कार्य अपूर्ण रहे।
- ₹ 1.49 करोड़ का व्यय निष्फल पाया गया।
- ₹ 15.52 लाख मूल्य के निर्माण कार्य विद्यमान नहीं थे।
- ₹ 1.15 करोड़ के पौधारोपण उत्तरजीवित नहीं थे।

➢ वित्तीय प्रबंधन

- ₹ 128.7 करोड़ राशि की निधियों का विपथन पाया गया था।
- तीन जिलों में, राज्य द्वारा ₹ 10.12 करोड़ की राशि कम जारी की पाई गई थी।
- निधियों के अंतरण में विलम्ब पाया गया था।
- ₹ 5.02 करोड़ का आधिक्य प्रशासनिक व्यय किया गया था।
- डाक घर में ₹ 70.55 लाख मूल्य की निधियां वसूल न की गई/असमायोजित पाई गई थी।

सिक्किम

➢ पृष्ठभूमि

राज्य में चार जिले हैं। मनरेगस के अंतर्गत प्रथम चरण में अर्थात 02 फरवरी 2006 से एक जिला, 1 अप्रैल 2007 के बाद से दो जिले तथा 1 अप्रैल 2008 से शेष एक जिला आवृत्त किया गया था। मनरेगस के अंतर्गत राज्य को 2008-12 की अवधि हेतु, ₹ 281.12 करोड़ जारी किए गए थे। निम्न तालिका राज्य में 2007-12 के दौरान कुछ प्रमुख कार्यान्वयन मापदण्डों का सारांश प्रस्तुत करती हैः

जनसंख्या	ग्रामीण जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार)	ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता	संचयी व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत परिवारों की संख्या	सृजित संचयी श्रमदिवस (लाख में)
6,07,688	4,55,962	75.03	291.09	3,46,971	81.41

शुरू किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की प्रतिशतता	शेष सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	संचालित सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	पूर्ण किए गए सामाजिक लेखापरीक्षा की प्रतिशतता
10,181	5,029	49.40	1,202 (2007-08 हेतु आंकड़े प्रदान नहीं किए गए)	601 (2007-08 हेतु आंकड़े प्रदान नहीं किए गए)	50

➢ नियोजन

- ग्रा.पं. ब्लॉक तथा जिलों से कोई इनपुट प्राप्त किए बिना जिला परिप्रेक्ष्य योजना बनाई गई थीं। ग्राम सभाओं द्वारा वार्षिक योजनाएं श्रम मांग, आय उत्पन्न करने वाली परिसम्पत्तियों, वंचित वर्गों को प्राथमिकता तथा सृजित परिसम्पत्तियो का अनुरक्षण आदि के किसी संदर्भ के बिना औपचारिक रूप से बनाई गई थी।
- वार्षिक कार्य योजना तथा श्रम बजट त्रुटिपूर्ण तथा अवास्तविक थे क्योंकि उत्पादन किए जाने वाले प्रत्याशित व्यक्तिदिवसों को कभी प्राप्त नहीं किया गया था। व्यय, वार्षिक कार्य योजना के 83 तथा 88 प्रतिशत के बीच था।

➢ रोजगार उत्पादन एवं मजदूरी

- मजदूरी का भुगतान पन्द्रह दिनों के भीतर नहीं किया गया था तथा 15 दिनों से तीन माह तक का विलम्ब पाया गया था।

➢ निर्माण कार्य एवं परिसम्पत्ति सृजन

- जि.का.स. द्वारा मजदूरी और सामग्री के 60:40 के निर्धारित अनुपात का सख्ती से पालन नहीं किया गया था।
- कई परियोजनाओं में कार्यस्थल सुविधाएं जैसे प्रथम उपचार पेयजल, शेड तथा बालवाड़ी उपलब्ध नहीं कराई गई थी।

➢ वित्तीय प्रबंधन

- राज्य का हिस्सा न तो पूरा और न ही समय पर जारी किया गया था। जिला कार्यक्रम समन्वयकों ने ₹ 5.14 करोड़ से ₹ 38.64 करोड़ की निधियां न केवल वर्ष के अंत तक रोक रखी बल्कि ब्लॉकों को 2 से 131 दिनों के विलम्ब से निधियां जारी की।

➢ अनुश्रवण तथा मूल्यांकन

- भारत सरकार को मासिक प्रगति रिपोर्टों के माध्यम से सूचित व्यय, लेखापरीक्षित रिपोर्ट तथा वास्तविक व्यय में दर्शाए गए के अनुरूप नहीं था।

➢ अन्य

- योजना का अन्य सोशल सेक्टर कार्यक्रमों के साथ अभिसरण का कार्य आरम्भ नहीं किया गया था। केवल मु.मं.ग्रा.आ. योजना, जो त्रुटिपूर्ण थी क्योंकि योजना निधि का सामग्री की लागत के भुगतान के प्रति उपयोग किया गया था, के मामले में अभिसरण प्रक्रिया का प्रयास किया गया था। अभिसरण का अतिरिक्त रोजगार उत्पादन में कोई योगदान नहीं हुआ।
- अभिलेखों का अनुरक्षण दोषपूर्ण था। आवेदन पत्र रजिस्टर पंजीकरण रजिस्टर, जॉब कार्ड रजिस्टर, रोजगार रजिस्टर, परिसम्पत्ति रजिस्टर, मस्टर रोल, एम आर निर्गम/प्राप्ति रजिस्टर तथा शिकायत रजिस्टरों का उचित ढंग से अनुरक्षण नहीं किया गया था तथा इसलिए विश्वसनीय नहीं थे।

तमिलनाडु

➢ पृष्ठभूमि

राज्य में 31 जिले हैं। मनरेगस के अंतर्गत पहले चरण अर्थात, 2 फरवरी 2006 में छः जिले, 1 अप्रैल 2007 से चार जिले और 1 अप्रैल 2008 से शेष 21 जिले आवृत्त थे। 207-12 की अवधि हेतु, मनरेगस के अंतर्गत राज्य को ₹ 8128.96 करोड़ जारी किए गए थे। 2007-12 के दौरान राज्य में कुछ मुख्य कार्यान्वयन मापदण्डों को नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया है:

जनसंख्या	ग्रामीण जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार)	ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता	संचयी व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत परिवारों की संख्या	सृजित संचयी श्रमदिवस (करोड़ में)
7,21,38,958	3,71,89,229	51.55	8,510.44	76,48,556	101.31

शुरू किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की प्रतिशतता	शेष सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	संचालित सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	पूर्ण किए गए सामाजिक लेखापरीक्षा की प्रतिशतता
2,57,002	1,11,727	43.47	93,252	1,84,845	100

➢ नियोजन

- 2011-12 में राज्य में योजना के अंतर्गत पंजीकृत 76.49 लाख परिवारों में से, केवल 58.16 लाख परिवारों को रोजगार प्रदान किया गया था। इनमें से, 100 दिनों का रोजगार केवल 14.08 लाख परिवारों (24 प्रतिशत) को प्रदान किया गया था।
- दरों की अनुसूची में वृद्धि प्राप्त वास्तविक औसत दैनिक मजदूरी, न्यूनतम गारंटीकृत मजदूरी से कम थी, क्योंकि मजदूरी का भुगतान, वास्तविकता में किए गए कार्य की मात्रा के आधार पर किया जाता था।

➢ निर्माण कार्य संपत्ति सृजन

- 1.25 लाख निर्माण कार्य (कुल निर्माण कार्यों का 48 प्रतिशत), जोकि 2007-12 के दौरान ₹ 3921.87 करोड़ की लागत पर ग्राप पंचायतों द्वारा निष्पादित किए गए थे, वह तालाबों की गाद हटाने, लघु सिंचाई टैंक, आपूर्ति चैनल तथा सिंचाई कुओं की श्रेणियों में आते थे। ऐसे निर्माण कार्यों ने स्थायी संपत्ति के सृजन में योगदान नहीं किया।
- सड़क संयोजनकता के अंतर्गत सभी मौसमों में उपयोगि सड़कों को प्रदान करने की बजाय, मौजूदा जल बाध्य रोड़ी की सड़कों की साइड बर्मों के संघनन और सुधार के बिना मिट्टी की सड़कों के निर्माण का निष्पादन किया गया था। 2007-12 के दौरान इस श्रेणी के अंतर्गत

₹ 1,919.88 करोड़ की लागत पर 62,588 सड़क निर्माणों (कुल निर्माण कार्यों का 24 प्रतिशत) को निष्पादित किया गया था।

➢ वित्तीय प्रबंधन

- 2007-12 के दौरान निधियों की उपयोगिता की प्रतिशतता 56 से लेकर 82 तक थी। 31 मार्च 2012 तक ₹ 9194.04 करोड़ में से सम्पूर्ण योजना की लागत अकुशल श्रमिक के मजदूरी भुगतान हेतु थी, योजना को 2007-12 की अवधि के दौरान राज्य का हिस्सा (₹ 878.11 करोड़) जारी किया जाना अनावश्यक था।

त्रिपुरा

➢ पृष्ठभूमि

राज्य में चार जिले हैं। मनरेगस के अंतर्गत पहले चरण अर्थात, 2 फरवरी 2006 से एक जिला, 1 अप्रैल 2007 से दो जिले और 1 अप्रैल 2008 से शेष एक जिला आवृत्त था। 2007-12 की अवधि हेतु, मनरेगस के अंतर्गत राज्य को ₹ 2858.82 करोड़ जारी किए गए थे। नीचे दी गई तालिका में 2007-12 के दौरान कुछ प्रमुख कार्यान्वयन मापदंडों को दर्शाया गया है:

जनसंख्या	ग्रामीण जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार)	ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता	संचयी व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत परिवारों की संख्या	सृजित संचयी श्रमदिवस (लाख में)
36,71,032	27,10,051	73.82	2,996.33	6,69,164	490.13

शुरू किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की प्रतिशतता	शेष सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	संचालित सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	पूर्ण किए गए सामाजिक लेखापरीक्षा की प्रतिशतता
6,57,713 (2007-08 हेतु आंकड़े प्रदान नहीं किए गए)	2,83,539	43.11	600	513	86

➢ नियोजन

- योजना के सभी आवश्यक सरंचनात्मक तंत्र योजना के परिचालन हेतु राज्य रोजगार गारंटी निधि को छोड़कर सभी आवश्यक सरंचनात्मक तंत्र स्थापित किए गए थे, जिन्हें 2012-13 के दौरान परिचालनात्मक किया गया था।
- निर्माण कार्यों को केवल वार्षिक योजनाओं के आधार पर ही निष्पादित किया गया था क्योंकि जिला परिप्रेक्ष्य योजनाओं को अंतिम रूप नहीं दिया गया था। वार्षिक योजनाओं के अनुमोदन की प्रलेखन प्रक्रिया संतोषजनक नहीं थी।

➢ रोजगार सृजन एवं मजदूरी

- जिन्होंने रोजगार मांग की उन सभी को राज्य ने कथित रूप से रोजगार प्रदान किया था। तथापि, यह सत्यापन योग्य नहीं है क्योंकि विवरण प्रलेखित नहीं थे।
- 2.80 लाख परिवारों को 100 दिनों से अधिक का रोजगार प्राप्त हुआ था। परन्तु ₹ 10.22 करोड़ की अतिरिक्त लागत को राज्य द्वारा वहन करने की बजाय केन्द्रीय हिस्से से पूर्ण की गई थी। न्यूनतम मजदूरी का ₹ 34.50 लाख का कम भुगतान किया गया था।

➢ निर्माण कार्यों एवं संपत्ति सृजन

- 41 प्रतिशत निर्माण कार्यों में, पांच ब्लॉकों में अधिनियम के शब्द और भाव में श्रमिकों को रोजगार प्रदान नहीं दिया गया था।
- इंदिरा आवास योजना (इं.आ.यो.) के अंतर्गत ₹ 16.60 करोड़ की निधियों को निर्माण कार्य हेतु विचलन किया गया था और अन्य सरंचनात्मक विकास योजनाओं के अंतर्गत आवृत्त उद्देश्य हेतु ₹ 5.27 करोड़ का व्यय किया गया था।
- सभी मौसमों में उपयोग न किए जा पाने वाली कच्ची सड़को का ₹ 5.29 करोड़ की लागत पर निर्माण किया गया था।
- निर्माण कार्यों में उपयोग किए जाने वाली मशीनों की लागत ₹ 1.56 करोड़ थी।
- 1 से लेकर 4 वर्षों की अवधि हेतु ₹ 17 लाख की लागत के पांच कार्य अधूरे रह गए।
- कार्य रजिस्टरों में निर्माण कार्यों के विशिष्ट पहचान संख्या नहीं पाई गई थी।

➢ वित्तीय प्रबंधन

- योजना के अंतर्गत निधियों का उपयोग अच्छा और 93.74 से लेकर 98.85 प्रतिशत तक था।
- गलत सूत्र, जोकि छः प्रतिशत के प्रशासनिक लागत का हिसाब लगाने में असफल रहा, को अपनाने के कारण राज्य का हिस्सा ₹ 133.09 करोड़ से कम था।
- 5 से लेकर 222 दिनों में 78 में से 20 किस्तों में राज्य हिस्से को जारी करने में विलम्ब हुआ था, जबकि कुछ मामलों में, इसे अग्रिम भी प्रदान किया गया था।

➢ अन्य

- सहायक अभिलेखों का अनुरक्षण अपूर्ण था।
- मॉ.सू.प्र. में भौतिक त्रुटियां शामिल हैं और इसलिए यह विश्वसनीय नहीं था।
- विभिन्न अच्छे अभ्यास जैसे कि मजदूरी के भुगतान हेतु बैंक सहसंबंधी मॉडल, अनुमानों की तैयारी हेतु सॉफ्टवेयर का उपयोग, सतर्कता समिति द्वारा जांच करने के पश्चात भुगतान, सृजित संपत्ति की अच्छी स्थिति, आदि भी लेखापरीक्षा के दौरान पाई गई थी।

उत्तर प्रदेश

➢ पृष्ठभूमि

राज्य में 72 जिले हैं। 22 जिलों को मनरेगस के तहत प्रथम चरण अर्थात 2 फरवरी 2006 से, 17 जिलों को 15 मई 2007 के बाद से तथा शेष 33 जिलों को 1 अप्रैल 2008 से शामिल किया गया था। 2007-12 की अवधि के लिए ₹ 20,425.74 करोड़ राज्य को मरनेगस के अंतर्गत जारी किया गया था। नीचे की तालिका 2007-12 के दौरान राज्य में कुछ प्रमुख कार्यान्वयन मापदंडों को दर्शाती है:

जनसंख्या	ग्रामीण जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार)	ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता	संचयी व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत परिवारों की संख्या	सृजित संचयी श्रमदिवस (लाख में)
19,95,81,477	15,51,11,022	77.72	22,174.35	1,42,81,748	13,342.64

शुरू किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की प्रतिशतता	शेष सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	संचालित सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	पूर्ण किए गए सामाजिक लेखापरीक्षा की प्रतिशतता
36,15,602	15,55,093	43.01	4,200*	2,341*	55.74

*आँकड़े केवल नमूना परीक्षित जिलों के लिए

➢ नियोजन

- राज्य सरकार नियमावलियों को, हालाँकि वे अनुमोदित (11 अगस्त 2008) हो गए थे, अधिनियम के प्रावधानों को संचालित करने के लिए सूचित करने में विफल रहीं।
- राज्य रोजगार गारंटी परिषद (रा.रो.गा.प.) में और गैर सरकारी सदस्यों को 19 माह के विलम्ब के बाद शामिल किया गया था।
- राज्य सरकार ने राज्य रोजगार गारंटी निधि स्थापित नहीं की थी जिसके फलस्वरूप जिलों को 18 सितम्बर 2009 तक मंत्रालय से सीधे निधियां जारी की गयी थीं।
- राज्य के 820 प्रखंडों में, पूर्ण-कालिक कार्यक्रम अधिकारियों की नियुक्ति नहीं की गई थी। 23 प्रतिशत सहायक कार्यक्रम अधिकारियों के पद भी रिक्त थे।
- 18 जिलों में, जिला वार्षिक योजना बनाने के लिए पणधारियों को प्रशिक्षण प्रदान नहीं किया गया था। 14 जिलों ने परियोजना शेल्फों का निर्माण नहीं किया था।
- श्रम बजट की प्रस्तुति में 23 से लेकर 74 दिनो का विलम्ब था, परिणामस्वरूप केन्द्रीय हिस्सा 5 से 25 भागों में और राज्य का हिस्सा 2 से 10 भागों में जारी किया गया था।

➢ रोजगार सृजन एवं मजदूरी

- पंजीकरण हेतु लोगों की पहचान करने के लिए घर-घर सर्वेक्षण नहीं कराया गया था।
- जॉब कार्डो के निर्गम में 25 से 45 दिनों का विलम्ब था।
- जॉब कार्ड आवेदन पंजियों के अनुरक्षण में कमिया थीं। सात ग्राम पंचायतों तथा 39 ब्लॉक पंचायतों में, इनका अनुरक्षण नहीं किया गया था।
- मजदूरी भुगतान में विभिन्न अनियमियतताएँ थी यथा, मजदूरी भुगतान में विलंब न्यूनतम मजदूरी दरों से कम पर भुगतान किया जाना , निर्माण कार्यों के निष्पादन के पहले भुगतान, एक ही दिन दो स्थलों पर मौजूद श्रमिकों को भुगतान, आदि।
- मस्टर रोलो में अनियमियतताएं देखी गयी थी यानी, प्राप्ति के प्रतीक के रूप में हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान लिए बगैर भुगतान किए गए थे। काटे गए और काट कर लिखे गए को भी सत्यापित नहीं किया गया था।

➢ निर्माण कार्य एवं संपत्ति सृजन

- 84 ग्रा.प., 12 ब्लॉकों, दो जिलों और एक संबंधित अभिकरण द्वारा 2007-12 के दौरान ₹ 10.26 करोड़ राशि के गैर अनुमेय निर्माण किये गये थे। 18 जिलों के 393 ग्रा.प. में 2265 मिट्टी की सड़के बनाने पर ₹ 15.60 करोड़ खर्च किये गये थे, जो सभी मौसमों में उपयोगी नहीं थी।
- 460 ग्रा.प. में 60:40 के निर्धारित मजदूरी सामग्री अनुपात का पालत नहीं किया गया था। 170 ग्रा.प. में ₹ 6.75 करोड़ का अधिक अनुमान देखा गया था।
- उन्नाव जिले में, अलमारी, हैण्डीकैम एवं डिजिटल कैमरे के लिए ₹ 78 लाख के क्रय आदेश, निविदाएँ आमंत्रित किये बगैर और क्रय प्रक्रिया का पालन किए बगैर जारी किये गये थे। सीतापुर जिले में, ₹ 1.04 करोड़ मूल्य की निर्माण सामग्री निविदा/निविदा भाव आमंत्रित किये बिना खरीदी गई थी।
- सात जिलों में ₹ 13.25 करोड़ को 237 निर्माण कार्य बिना किसी प्रशासनिक और तकनीकी संस्वीकृति के किये गये थे।
- 10 जिलों में, ₹ 13.26 करोड़ के लिए निष्पादित 1199 निर्माण कार्यों को वि.प.स. नहीं दिये गये थे।
- एक ग्रा.प. और दो जिलों में, ₹ 1.65 करोड़ राशि के 47 निर्माण कार्य परित्यक छोड़े गए थे। ₹ 29 लाख राशि के 23 निर्माण कार्य, आठ ग्रा.प., एक ब्लॉक और दो जिलों में अधूरे पड़े थे।
- 16 ग्रा.प. में 3091 निर्माण-कार्यों के समापन रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थे।
- 444 ग्रा.प. में, 4242 निर्माण-कार्यों को उपभोक्ता-समूहो को नहीं सौंपा गया था।

➢ वित्तीय प्रबंधन

- राज्य सरकार ने निधियों के हस्तांतरण और उपयोग के लिए कोई ठोस वित्तीय प्रबंधन प्रणाली नहीं बनायी गई थी। ग्रा.प. को निधि जारी करने के लिए किसी मानदंड की स्थापना नहीं की गई थी।
- ₹ 1.51 करोड़ की निधि का विविध प्रशासनिक व्यय, अन्य योजनाओं के आकस्मिकता व्यय, विकास भवन के सम्मेलन कक्ष के नवीकरण एवं विद्युत्तीकरण, प्राथमिक विद्यालय और हरिजन आवास के निर्माण , कार्यालय व्यय तथा मध्याह्न भोजन योजना के लिए विपथान हुआ था।
- श्रम बजट राज्य स्तर पर समीक्षा के बगैर मंत्रालय को अग्रेषित किया गया था। श्रम बजट और मा.प्र.रि. में सूचित वास्तविक व्यय के मध्य तथा राज्य एवं जिला स्तर पर आँकड़ों के मध्य विविधताएं थी। दो जिलों में, श्रम बजट परिचालन दिशानिर्देशों के अनुसार नहीं बनाया जाना था।
- निधियों के निर्गम में सभी स्तरों पर विलंब थे।
- सीतापुर जिले के दो संबंधित विभागों ने राष्ट्रीय काम के लिए अनाज कार्यक्रम निधि के ₹ 41 लाख के अव्यवित शेषों के मनरेगस में हस्तांतरित नहीं किया था।
- एक जिले में 2007-09 के दौरान प्रशासनिक व्यय चार प्रतिशत निर्धारित सीमा से अधिकता में किये गये थे।

➢ मॉनीटरिंग एवं मूल्यांकन

- शिकायतों को एक समय बद्ध तरीके से निवारण के लिए लोकपालों को नियुक्त नहीं किया गया था।
- योजना के अंतर्गत शुरू किये गये निर्माण -कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता के मानीटरिंग के लिए उत्तरदायी ग्राम मानीटरिंग समितियों को 57 ग्रा.प. में स्थापित नहीं किया गया था।

उत्तराखण्ड

➢ पृष्ठभूमि

राज्य में 13 जिले हैं। मनरेगस के अंतर्गत पहले चरण, अर्थात, 2 फरवरी 2006 से तीन जिलें, 01 अप्रैल 2007 से दो जिले और 1 अप्रैल 2008 से शेष 8 जिले आवृत किये गए थे। 2007-12 की अवधि हेतु, मनरेगतस के अंर्तगत राज्य को 1154.13 करोड़ जारी किए गए थे। 2007-12 के दौरान राज्य में कुछ प्रमुख कार्यान्वयन मापदंडो को नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया है:

जनसंख्या	ग्रामीण जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार)	ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता	संचयी व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत परिवारों की संख्या	सृजित संचयी श्रमदिवस (लाख में)
1,01,16,752	70,25,583	69.45	1,312.88	10,10,169	813.09

शुरू किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की प्रतिशतता	शेष सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	संचालित सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	पूर्ण किए गए सामाजिक लेखापरीक्षा की प्रतिशतता
1,52,292	1,00,631	66.07	65,092	28,557	44

➢ नियोजन

- राज्य रोजगार गारंटी परिषद को स्थापित किया गया था परन्तु नियमित अंतरालों पर बैठकें नहीं हुई थीं जिसके कारणवश प्रमुख नीति निर्णय नहीं लिए जा सके।
- मंत्रालय द्वारा सुझाए गए प्रशासनिक प्रतिमान अधिसुचित किया गया था लेकिन विभिन्न संवर्गो में स्टाफ की नियुक्ति नहीं हुई थी। कुल कमियाँ 45 से लेकर 90 प्रतिशित तक थीं।
- जिला परिप्रेक्ष्य योजनाएं केवल चार जिलों द्वारा प्रस्तुत की गई थीं और रा.रो.ग.प. द्वारा अभी तक अनुमोदित किया जाना था।

➢ रोजगार सृजन एवं मजदूरी

- अनुमानित तथा वास्तविक रूप से सूजित श्रमदिवसों में 23 से 61 प्रतिशत तक की काफी विभिन्नताएं थीं।
- श्रमिकों को सामायिक भुगतान नहीं किए गए थ तथा 01 से लेकर 699 दिनांक तक के विलंब पाए गए थे। 500 निर्माण कार्यो में, 74 दिनों का औसत विलंब था। नमूना परीक्षित ग्रा.प. में किसी भी श्रमिक को विलंब हेतु प्रतिपूर्ति का भुगतान नहीं की गई थी।

➢ वित्तीय प्रबंधन

- निर्धारित समय सीमा में राजय का हिस्सा जारी नहीं किया गया था। चार जिलों में 8 से 211 दिनांक का विलंब पाया गया था।

➢ मॉनीटरिंग एवं मूल्यांकन

- निर्माण कार्यों के निरीक्षण में राज्य स्तर पर 94 प्रतिशत तथा कार्यक्रम अधिकारियों के स्तर पर 48 प्रतिशत की कमी पाई गई थी।

➢ अन्य

- देहरादून जिले के अलमोड़ा एवं चक्रता ब्लॉक के घौलादेवी एवं द्वारहाट ब्लॉको में ₹ 1.73 करोड़ की देयताए पाई गई जाकि मार्च 2012 तक भुगतान नहीं किया गया था।
- मनरेगा वेबसाइट पर अपलोड किए गए डाटा की प्रमाणिकता को सत्यापित करने हेतु किसी तंत्र की गैर-मौजूदगी पाई गई क्योंकि माँ.सू.प्र. एवं मासिक प्रगति रिपोर्ट डाटा के मध्य 1 से लेकर 71 प्रतिशत भिन्नताएँ थीं।

पश्चिम बंगाल

➢ पृष्ठभूमि

राज्य में 19 जिले थे। दस जिले मनरेगस के अंतर्गत प्रथम चरण, अर्थात, 2 फरवरी 2006 से, सात जिले 1 अप्रैल 2007 के बाद से और शेष दो जिले 1 अप्रैल 2008 से शामिल किये गये थे। 2007-12 की अवधि के लिए, राज्य को मनरेगस के अंतर्गत ₹ 8307.31 करोड़ जारी किया गया था। नीचे तालिका 2007-12 के दौरान कुछ प्रमुख कार्यान्वयन मापदंडों को दर्शाती है:

जनसंख्या	ग्रामीण जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार)	ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता	संचयी व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत परिवारों की संख्या	सृजित संचयी श्रमदिवस (लाख में)
9,13,47,736	6,22,13,676	68.11	7,409.20	1,10,34,713 *	6,353.84

*जॉब कार्ड जारी किया गया

शुरू किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की प्रतिशतता	शेष सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	संचालित सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	पूर्ण किए गए सामाजिक लेखापरीक्षा की प्रतिशतता
राज्य द्वारा उपलब्ध नहीं कराये गये	5,58,938	उपलब्ध नहीं	1,43,404	73,700	51.39

➢ नियोजन

- मनरेगस के लिए कोई सूचना, शिक्षा तथा संचार योजना नहीं बनायी गयी थी।
- रा.रो.गा.प. ने मनरेगस के योजना कार्यान्वयन के निष्पादन एवं इसके प्रभाव को मूल्यांकन नहीं किया था।
- अधिनियम के अंतर्गत पंजीकरण कराने के इच्छुक व्यक्तियों की पहचान करने के लिए घर-घर सर्वेक्षण नहीं कराया गया था।
- अधिकांश जिलों ने परिप्रेक्ष्य योजना नहीं बनायी थी और चयनित 83 ग्रा.पं. में से किसी में परियोजना -शेल्फ नहीं देखा गया था।
- वार्षिक योजना में सम्मिलित करने के लिए निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देने और अनुशंसा करने के लिए उत्तरदायी ग्राम सभा बैठकें, चयनित ग्रा.पं. में से किसी में भी 2 अक्तूबर को आयोजित नहीं की गयी थीं।

- पांच जिलों में श्रम बजट अवास्तविक तरीके से बनाया गया था क्योंकि श्रम दिवसों का वास्तविक सृजन श्रम बजट में उनके अनुमान का 35 से 125 प्रतिशत था।

➢ रोजगार सृजन एवं मजदूरी

- चयनित ग्रा.पं. में, पंजीकरण पंजी और काम के लिए आवेदनों की पंजी का अनुरक्षण नहीं किया गय था। 41 ग्रा.पं. में पंजीककरण सूची सूचना पट पर प्रदर्शित नहीं की गयी थी।
- पांच जिलों में अधिकतर जॉब कार्डों पर तस्वीरें नहीं चिपकायी गयी थीं।
- मा.सू.प्र. ने 2010-12 के दौरान ₹ 437.89 करोड़ राशि की मजदूरी के विलम्बित भुगतान दिखाया लेकिन कोई क्षति-पूर्ति नहीं की गयी थी। मजदूरी के भुगतान में 11 से 810 दिनों के विलम्ब चार जिलों में देखा गया था।
- बेरोजगारी भत्ता के रूप में ₹ 83.007 की राशि केवल 218 श्रमिकों को दी गयी थी जबकि यह 2007-12 के दौरान 1,10,161 परिवारों के लिए बकाया था।

➢ निर्माण-कार्य एवं संपत्ति सृजन

- सड़क निर्माण-कार्य (कुल निर्माण-कार्य का 29 प्रतिशत) कुल व्यय के 39 प्रतिशत के लिए किये गये। सभी चयनित ग्रा.पं. ने मिट्टी की सड़कों जैसे अस्थायी संपत्तियों का निर्माण किया था। 32 ग्रा.पं. में मजदूरी-सामग्री अनुपात का अनुरक्षण नहीं किया गया था।
- किसी भी चयनित ग्रा.पं. में निर्माण पंजियों का अनुरक्षण नहीं किया गया था।
- बांकुड़ा, 24 परगना तथा मुर्शिदाबाद जिलों में, ₹ 6.37 लाख मूल्य का वृक्षारोपण कार्य सफल नहीं हुआ।

➢ वित्तीय प्रबंधन

- सं.ग्रा.रो.यो. के अंतर्गत ₹ 8.42 लाख के अव्ययित शेष मई 2012 तक मनरेगस में हस्तांतरित नहीं किया गया था।

➢ मॉनीटरिंग एवं मूल्यांकन

- मुर्शिदाबाद, बांकुड़ा, जलपाइगुड़ी और दक्षिण 24 परगना जिले के 48 ग्रा.पं. में, ग्रा.पं. के खाते सामाजिक लेखापरीक्षा के समक्ष समीक्षा हेतु प्रस्तुत नहीं किये गये थे।

➢ अन्य

- मनरेगस का ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के साथ अभिसरण किसी चयनित ग्रा.पं. ने प्रमाणित नहीं था।

अण्डमान एवं निकोबार द्वीपसमूह

➢ पृष्ठभूमि

संघ शासित क्षेत्र (सं.शा.क्षे.) में तीन जिले हैं जो कि 1 अप्रैल 2008 से मनरेगस के अंतर्गत आवृत्त थे। 2007-12 की अवधि हेतु, मनरेगस के अंतर्गत सं.शा.क्षे. को ₹ 34.91 करोड़ जारी किए गए थे। 2007-12 के दौरान सं.शा.क्षे. के प्रमुख कार्यान्वयन मापदंडों को नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया है:

जनसंख्या	ग्रामीण जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार)	ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता	संचयी व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत परिवारों की संख्या	सृजित संचयी श्रमदिवस (लाख में)
3,79,944	2,44,411	64.33	39.79	41,512	19.66

शुरू किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की प्रतिशतता	शेष सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	संचालित सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	पूर्ण किए गए सामाजिक लेखापरीक्षा की प्रतिशतता
1,314	1,093	83.18	608	356	58.55

➢ नियोजन

- सं.शा.क्षे. हेतु रोजगार गारंटी परिषद (रो.गा.प.) को फरवरी 2008 में गठित किया गया था। परिषद 2008-09 और 2011-12 के मध्य एक वित्तीय वर्ष में केवल एक ही बार मिली है।
- जिलों द्वारा कोई परिप्रेक्ष्य योजना तैयार नहीं की गई थी जबकि जिला परिप्रेक्ष्य योजना की तैयारी हेतु अनुदान जारी कर दिए गए थे। केवल वार्षिक योजनाएं तैयार की गई थी।
- परियोजनाओं के शेल्फ की तैयारी तदर्थ आधार पर की गई थी।

➢ रोजगार सृजन एवं मजदूरी

- कार्य हेतु आवेदन देने के 15 दिनों के भीतर रोजगार प्रदान न किए जाने के मामले थे। बेरोजगारी भत्ते का भुगतान भी नहीं किया गया था।
- 100 दिनों का रोजगार केवल 5.05 प्रतिशत मामलों में प्रदान किया गया था।
- सभी ग्राम पंचायतों में मजदूरी के विलम्बित भुगतान पाए गए थे।
- "राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना" (रा.स्वा.बी.यो.) के अंतर्गत कोई लाभार्थी आवृत हीं था। जबकि सं.शा.क्षे. के पास काफी लाभार्थी थे जो वर्ष में 15 दिनों से अधिक काम करते थे।

➢ निर्माण कार्य एवं सम्पत्ति का सृजन हुआ था।

- केवल अस्थायी सम्पत्ति का सृजन हुआ था।

➢ वित्तीय प्रबंधन

- वित्तीय प्रबंधन की त्रुटिपूर्ण प्रणाली, बढ़े हुए सं.शा.क्षे. के हिस्से का कारण बनी।
- कुशल और अर्ध-कुशल श्रमिकों की सामग्री एवं मजदूरी हेतु सं.शा.क्षे. के हिस्से के 25 प्रतिशत को जारी न किए जाना एवं तथ्यात्मक रूप से गलत उपयोगिता प्रमाणपत्र पाए गए थे।

➢ मॉनीटरिंग एवं मूल्यांकन

- "रोजगार गारंटी निधि" की लेखपरीक्षा नहीं की गई थी तथा सं.शा.क्षे. प्रशासन ने जिलों हेतु लेखों का कोई प्रारूप निर्धारित नहीं किया था।
- सामाजिक लेखापरीक्षा की स्वतंत्रता सुनिश्चित नहीं की गई थी। योजना की गतिविधियों को समन्वित करने हेतु केंद्रक व्यक्ति निदेशक/ग्रा.वि., पं.रा.सं. व यू.एल.बी., को सामाजिक लेखापरीक्षा हेतु राज्य स्तरीय नोडल अधिकार नियुक्त किया गया था।

➢ अन्य

- अन्य योजनाओं के साथ अभिसरण नहीं किया गया था।
- अभिलेखों का अनुरक्षण (मुख्यतः दक्षिण अण्डमान जिले में) खराब था।
- मॉ.सू.प्र. में अपलोड किए गए डाटा को जांचने एवं सत्यापित करने हेतु पर्याप्त तंत्र बनाया नहीं गया था। पंचायती राज संगठनों (प.रा.सं.) में उपलब्ध सूचना, मॉनीटरिंग एवं सूचना प्रणाली (मॉ.सू.प्र.) आंकड़ो से नहीं मिलती थी।
- भा.नि.म.ले.प. की पिछली निष्पादन लेखापरीक्षा रिपोर्ट में प्रकाशित की गई कमियां, अभी भी थीं।

दादर एवं नागर हवेली

➢ पृष्ठभूमि

संघ शासित क्षेत्र (स.शा.क्षे.) में एक जिला है जो कि 01 अप्रैल 2008 से मनरेगस के अंतर्गत आवृत है। 2007-12 की अवधि हेतु, मनरेगस के अंतर्गत सं.शा.क्षे. को ₹ 2.77 करोड़ जारी किए गए थे। 2007-12 की अवधि के दौरान सं.शा.क्षे. के कुछ प्रमुख कार्यान्वयन मापदंडों को नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया हैः

जनसंख्या	ग्रामीण जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार)	ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता	संचयी व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत परिवारों की संख्या	सृजित संचयी श्रमदिवस (लाख में)
3,42,853	1,83,024	53.38	4.71	11,697	2.11 (2007-08 हेतु आंकड़े उपलब्ध नहीं कराए गए)

शुरू किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की प्रतिशतता	शेष सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	संचालित सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	पूर्ण किए गए सामाजिक लेखापरीक्षा की प्रतिशतता
127	30	23.62	44	30	68.18

➢ नियोजन

- संघ शासित क्षेत्र में रोजगार गारंटी परिषद (रो.गा.प.) को गठित नहीं किया था।
- प्रारम्भिक एवं सू.शि.स. गतिविधियों का संचालन नहीं किया गया था।
- संघ शासित क्षेत्र के प्रशासन ने वार्षिक योजना एवं परियोजनाओं के शेल्फ तैयार नहीं किये थे।
- संघ शासित क्षेत्र प्रशासन ने 2007-12 की अवधि हेतु न तो परिप्रेक्ष्य योजना तैयार की थी तथा न ही इस कार्य को किसी अभिकरण को सौंपा था।

➢ रोजगार सृजन व मजदूरी

- पाँच ग्रा.प. में जॉब कार्ड आवेदन रजिस्टर अनुरक्षित/उचित रूप से अनुरक्षित नहीं किए गए थे तथा 10 ग्रा.पं. में जॉब कार्ड रजिस्टर अनुरक्षित नहीं किये गये थे।
- जारी किए गए जॉब कार्डों पर श्रमिको की तस्वीरें नहीं थी और बिना प्राधिकार एवं श्रमिकों के हस्ताक्षर के बिना जारी कर दिए गए थे।

- ग्रा.पं. में रोजगार रजिस्टर अनुरक्षित नहीं किए गए थे।
- मजदूरी के भुगतान में 1 से लेकर 123 दिनों तक के विलम्ब थे तथा विलम्ब हेतु कोई प्रतिपूर्ति का भुगतान नहीं किया गया था।

➢ वित्तीय प्रबंधन

- वित्तीय प्रबंधन प्रणाली अप्रभावी थी ओर रिपोर्ट के आँकडे असंगत थे। स.शा.क्षे.रो.गा.नि. को गठित नहीं किया गया था।
- वित्तीय रिपोर्टिंग अप्रभावी था तथा लेखापरीक्षित लेखों तथा मा.प्र.रि. डाटा के मध्य विभिन्नताएं थी।
- सामग्री हेतु ग्रा.पं. को दिए गए ₹ 37.08 लाख के अव्ययित शेष को व्यय के रूप में माना गया था।
- 2008-11 के दौरान अतिरिक्त प्रशासनिक व्यय हुआ था।

➢ मॉनीटरिंग एवं मूल्यांकन

- ग्रा.पं. के पास समाजिक लेखापरीक्षा अभिलेख उपलब्ध नहीं थे।
- ग्रा.पं. में सर्तकता एवं मॉनीटरिंग समितियाँ निर्मित थीं लेकिन किसी भी ग्रा.पं. में अभिलेख उपलब्ध नहीं थे।
- शिकायत निवारण तंत्र प्रभावी नहीं था और किसी भी स्तर पर शिकायत रजिस्टर अनुरक्षित नहीं किया गया था।

लक्षद्वीप

➢ पृष्ठभूमि

संघ शासित क्षेत्र (सं.शा.क्षे.) में 1 अप्रैल 2008 से मनरेगस के अंतर्गत एक जिला आवृत है। 2007-12 की अवधि हेतु, मनरेगस के अंतर्गत सं.शा.क्षे. को ₹ 7.76 करोड़ जारी किए गए थे। 2007-12 के दौरान सं.शा.क्षे. में कुछ प्रमुख कार्यान्वयन मापदंडों को नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया है:

जनसंख्या	ग्रामीण जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार)	ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता	संचयी व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत परिवारों की संख्या	सृजित संचयी श्रमदिवस (लाख में)
64,429	14,121	21.92	10.47	8,886	6.49

शुरू किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की प्रतिशतता	शेष सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	संचालित सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	पूर्ण किए गए सामाजिक लेखापरीक्षा की प्रतिशतता
828	17	2.05	80	40	50

➢ नियोजन

- सं.शा.क्षे. रोजगार गारंटी परिषद, आज तक केवल दो बार ही मिली थी, जिसने पसंदीदा निर्माण कार्यों के चयन, योजना के कार्यान्वयन की समीक्षा, प्रक्रिया एवं परिणामों के मूल्यांकन, सभी स्तरों पर जवाबदेही एवं पारदर्शिता को प्रतिफूल रूप से प्रभावित किया था।
- नमूना परीक्षित ग्रा.पं. में, पूर्णकालिक समर्पित का.अ. को नियुक्त नहीं किया गया था। योजना के कार्यान्वयन हेतु स्टाफ नियुक्त नहीं किया गय था तथा ब्लॉक स्तर पर योजना से संबंधित कोई अभिलेख अनुरक्षित नहीं किया गया था।
- मनरेगस के अंतर्गत निर्माण कार्यों के चयन हेतु अलग ग्राम सभा बैठकें नहीं की गई थीं।

➢ रोजगार सृजन एवं मजदूरी

- नमूना परीक्षित ग्रा.पं. में, न तो आवेदन रजिस्टर अनुरक्षित किए गए थे और न ही परिवारों को दिनांकित रसीदें जारी की गई थीं।
- नमूना परीक्षित ग्रा.पं. में मस्टर रोलों एवं भुगतान आदेशों की संवीक्षा से पता चला कि मजदूरी के भुगतानों में 15 से लेकर 65 दिनों के विलम्ब थे।
- का.अ. को जॉब कार्ड रजिस्टर में वृद्धि और विलोपन की सूची के बारे में सूचित नहीं किया गया था।

➢ निर्माण कार्य एवं सम्पत्ति सृजन

- 92:08 के मजदूरी सामग्री अनुपात को अपनाकर अनुमान तैयार किए गए थे। नमूना परीक्षित ग्रा.पं. हेतु अनुमानों के सत्यापन से पता चला कि केवल मजदूरी रोजगार को ध्यान में रखकर ही अनुमानों को तैयार किया गया था। कुशल श्रमिकों और सामग्री की अनुपस्थिति के कारणवश स्थायी सम्पत्ति का सृजन नहीं हो पाया था।
- अधिनियम में परिकल्पित निर्माण कार्यों के पूर्व -मध्य-उत्तर चरणों की तस्वीरों को ग्रा.पं. द्वारा लिया/अनुरक्षित नहीं किया गया था।

➢ वित्तीय प्रबंधन

- 2009-10 से 2011-12 के दौरान मनरेगस का प्रशासनिक व्यय ₹ 81.00 लाख से अधिक था।

पुडुचेरी

➢ पृष्ठभूमि

संघ शासित क्षेत्र (सं.शा.क्षे.) में दो जिले हैं जो कि मनरेगस के अंतर्गत 1 अप्रैल 2008 से आवृत्त थी। 2007-12 की अवधि हेतु, मनरेगस के अंतर्गत सं.शा.क्षे. को ₹ 40.06 करोड़ जारी किए गए थे। 2008-12 के दौरान सं.शा.क्षे. में कुछ प्रमुख कार्यान्वयन मापदण्डों को नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया है:

जनसंख्या	ग्रामीण जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार)	ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता	संचयी व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत परिवारों की संख्या	सृजित संचयी श्रमदिवस (लाख में)
12,44,464	3,94,341	31.69	35.50	67,120	35.21

शुरू किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों की प्रतिशतता	शेष सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	संचालित सामाजिक लेखापरीक्षा की संख्या	पूर्ण किए गए सामाजिक लेखापरीक्षा की प्रतिशतता
3,478	2,383	68.52	**776**	**159**	20.49

➢ नियोजन

- ग्राम पंचायतों ने परियोजनाओं के शेल्फ तथा वार्षिक योजना को तैयार नहीं किया था। जि.ग्रा.वि.अ. एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक, करैकल ने दीर्घकालिक रोजगार सृजन एवं सतत विकास हेतु जिला परिप्रेक्ष्य योजना तैयार नहीं की थी।
- दिसम्बर 2011 में गठित सं.शा.क्षे. रोजगार गारंटी परिषद की एक बार भी बैठक नहीं हुई।

➢ रोजगार सृजन एवं मजदूरी

- रोजगार हेतु आवेदन प्राप्त करने, दिनांकित रसीदों को जारी करने एवं रोजगार रजिस्टर के अनुरक्षण हेतु कोई औपचारिक प्रणाली नहीं थी।
- मजदूरी के भुगतान में किसी भी विलम्ब का सूचित करने हेतु कोई तंत्र नहीं था। कोई क्षतिपूर्ति नहीं की गई थी, यद्यपि, मजदूरी के भुगतान में 137 दिनों तक के विलम्ब पाए गए थे।

➢ निर्माण कार्य एवं सम्पत्ति सृजन

- 2008-12 के दौरान सं.शा.क्षे. द्वारा सामग्री लागत पर कोई व्यय नहीं किया गया था जिसके परिणामस्वरूप अस्थायी सम्पत्ति का सृजन हुआ था।

- 2008-12 के दौरान शुरू किए गए 2502 निर्माण कार्यों में से, 63 निर्माण कार्य पिछले दो वर्षों से प्रगति में है।

➢ वित्तीय प्रबंधन

- मार्च 2011 तक अव्ययित शेषों के संचय, के परिणामस्वरूप ₹ 31.28 करोड़ की आवश्यकता के प्रति 2011-12 हेतु एक करोड़ का टोकन संकेतक अनुदान के रूप में दिया गया।